हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 17 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

10 शिविर में 935 आवेदनों का हुआ निराकरण

11 कुम्हारी स्कूल के बच्चे समर कैंप में सीख रहे हैं डांस करने की कला







## खबर संक्षेप

### कचरा के विवाद पर महिला ने किया प्राणघातक हमला



**भिलाई।** कचरा फेंकने को लेकर हुए विवाद में महिला ने आरी निकालकर हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ईडब्लूएस 201 कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी आरती शर्मा ने शिकायत किया है कि पड़ोसी नरेन्द्र प्रताप सिंह से रोजाना घर के सामने कचरा फेका करता था। 16 मई की सुबह पीड़िता कचरा फेकने गई थी। तब उसी समय नरेन्द्र प्रताप सिंह और उसकी पत्नी रेणु सिंह घर के सामने कचरा फेकने से मना किया। इस दौरान कचरा फेंकने को लेकर विवाद हो गया। नरेन्द्र प्रताप सिंह व पत्नी रेणु सिंह ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। हाथ मुक्का से मारपीट कर पीड़िता को चोट पहुंचाया। बीच बचाव करने पहुंचे पड़ोसी वेकटेश शर्मा द्वारा भी हाथापाई किया गया है। घटना में पीड़िता के बाये हाथ पेट में चोट आई और पति सौरभ शर्मा के मुंह में चोट आई है। वहीं नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को बताया कि आरती शर्मा ने विवाद के बाद लकड़ी काटने की आरी से हमला कर दिया। जिससे शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है।

निगम का 1.78 करोड़ जलकर बकाया, स्मृतिनगर सोसाईटी 32 लाख ज्यादा दे चुकी

# जलकर नोटिस के बाद 17 साल पुराने मामले में निगम और सोसाइटी भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जलकर को लेकर 17 साल पुराना विवाद इन दिनों फिर से तूल पकड़ लिया। यह विवाद है भिलाई निगम और के जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में स्थित स्मृति नगर गृह निर्माण संस्था मर्यादित का। भिलाई निगम ने इस संस्था को नोटिस भेजा है। जिसमें 22 मार्च 2025 की स्थिति में संस्था का बकाया जलकर 1 करोड़ 78 लाख 67 हजार 520 रुपए है। इधर स्मृति नगर सोसायटी ने निगम से कहा है कि जलकर का 32 लाख 5 हजार 560 रुपए अधिक जमा कर चुका है इसलिए यह राशि समायोजित किया जाए। वहीं देर शाम निगम आयुक्त राजीव पांडेय स्मृति नगर उद्यान पहुंचे और वहां हरे-भरे पेड़ काटे जाने की शिकायत सही पाया। लोग सोसाइटी पर पेड़ कटाने का आरोप लगा रहे है।


शुक्रवार की शाम निगम आयुक्त स्मृति नगर उद्यान पहुंचे लोगों से लिया फीडबैक।

### स्मृतिनगर सोसायटी का यह है जलकर गणना

स्मृतिनगर सोसायटी के अध्यक्ष के मुताबिक सोसायटी के 200 सदस्य हैं। इन सदस्यों से प्रति महीने जलकर के रूप में 200 रुपए लिया जा रहा है। सोसायटी की अपनी पानी टंकी है। पाइप लाइन सोसायटी ने बिछवाई है। एक संपवेल है जो 20 हजार लीटर का है। कालोनी में 6 बोर हैं। पांच स्टॉफ है। जिनके द्वारा पेयजल की सप्लाई कालोनी में की जाती है। उनका वेतन व्यय सहित मेंटनेंस पर 160 रुपए खर्च होते हैं। ऐसे में भिलाई निगम को 200 रुपए प्रति महीने कैसे दे सकते हैं। वर्ष 2008 में सोसायटी और निगम के बीच तय हुआ था कि प्रति कनेक्शन 60 रुपए प्रति महीन लेंगे। उस हिसाब से 1 मई 2008 से 31 मार्च 2025 तक जलकर का 9773100 रुपए होते हैं। जबकि निगम को 12978560 रुपए भुगतान कर चुके हैं। यानी 32 लाख 5 हजार 560 रुपए अधिक दे चुके।

### वैधानिक कार्रवाई करेंगे



सोसायटी के निवासियों का मांग है कि स्मृति नगर सोसायटी को नगर निगम भिलाई अपने अधिपत्य में ले-ले। निर्धारित जलकर राशि समय अवधि में नहीं जमा करने पर निगम द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। शिकायत है कि सोसायटी हरे-भरे पेड़ कटा रही है।
**-राजीव पांडेय,** निगम आयुक्त

### पूरे लोगों को पानी दे निगम



कालोनी में 800 मकान है। वर्तमान में एक तिहाई लोगों को ही पानी मिल रहा है। सोसायटी का अपना वाटर टैंक व व्यवस्था है। इस पर पैसे खर्च होते हैं। इसलिए निगम को प्रति व्यक्ति महीना 200 रुपए पूरा नहीं दे सकते। मामले की हाईकोर्ट में भी सुनवाई चल रही है।
**राजीव चौबे,** अध्यक्ष स्मृति नगर गृह निर्माण सोसायटी

### निगम ने ऐसा किया है जलकर की गणना

स्मृति नगर में 1268 मकान निर्मित है, जिसमें आवास, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसाय के रूप में काबिज है। इसमें से सन 2008 में हुए अनुबंध के अनुसार 792 मकान धारियों का ही जलकर का गणना से किया गया है। इसमें लगभग 400 से अधिक मकानों में भी नल कनेक्शन लिया जा चुका है। अभी वर्तमान में जलकर की राशि और वृद्धि होगी। राज्य सरकार के प्रकाशित राजपत्र के अनुसार आवासीय मकान में जलकर 200 रूपये प्रतिमाह, आवास सह व्यवसाय में 350 रूपये, व्यवसाय में 800 रूपये एवं जो परिवार संपत्तिकर के दायरे में नही आते है, उनसे 60 रूपये प्रतिमाह लेने का प्रावधान है।

### वास्तविक गणना होगी तो 3 करोड़ से ज्यादा जलकर

जलकर वसूली विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू का कहना है कि संस्था को दो नोटिस देकर 12 मार्च व 22 मार्च.2025 का तामिल करवाया गया है। संस्था द्वारा नोटिस जारी होने के 2 वर्ष पूर्व 30 लाख रूपये निगम कोष में जमा कराया गया था। अभी वहां पर और मकान निर्माणाधीन है। वास्तविक गणना होगा तो राशि लगभग 3 करोड़ से उपर जायेगी।

### सूर्यविहार कॉलोनी का ब्लक कनेक्शन दर हो लागू

स्मृतिनगर सोसायटी का कहना है कि भिलाई निगम सूर्य विहार कालोनी से ब्लक कनेक्शन दर से जलकर की राशि ले रही है। सूर्यविहार व स्मृतिनगर दोनों कालोनी वर्ष 2008 से जलकर दे रही है। सूर्यविहार से 6 रुपए एक हजार लीटर के हिसाब से लिया जा रहा है। एक ही शहर के दो कालोनी पर अलग-अलग नियम कैसे लागू हो सकता है।

### सोसायटी को लेकर भी है फूट

स्मृति नगर सोसायटी को लेकर फूट की भी स्थिति रही हैं। वर्ष 2008 में विवाद की वजह से सोसायटी भंग कर दिया गया था। तब प्रशासन ने पीठासीन अधिकारी बिठा दिया था। दो साल तक यह विवाद चला। इसके बाद चुनाव हुए। यहां के कई लोगों में सोसायटी के क्रियाकलाप को लेकर सवाल खड़े करते रहे है।

महादेव सट्टा से जुड़े तार

# बैंक खाते से 2.25 करोड़ का लेन, देन बलिया में भिलाई का युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई का एक युवक बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि मामला महादेव सट्टा से जुड़ा हुआ है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 111 बीएनएस और 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी बृजेश कुमार यादव उर्फ जसवंत नामक युवक को बलिया साइबर थाना पुलिस ने बैंक खाते से धोखाधड़ी करने के आरोप में पकड़ा है। युवक शादी का झांसा देकर पीड़ित की बहन से रिश्ता तय किया। इसके बाद बृजेश पीड़ित को अपने फंसे हुए पैसों का झांसा देकर भरोसे में लिया। बृजेश ने पीड़ित के नाम से बलिया में आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक में खाता खुलवाया।

आईसीआईसीआई बैंक का खाता 2023 में खुलवाया गया था। जिसकी चेक बुक और एटीएम कार्ड बृजेश अपने पास रख लिया। पीड़ित को संदेह होने पर आईसीआईसीआई बैंक का स्टेटमेंट निकालवाने पर जानकारी हुई कि 4-5 माह में करीब 2.25 करोड़ रुपए का लेनदेन खाते से हुआ है। 14 मई 2025 बृजेश यादव बलिया के सहतवार थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के यहां आया। तब पीड़ित ने अपने सहयोगियों की मदद से उसे थाने लेकर आया।

### आरोपी हाउसिंग बोर्ड का रहने वाला, यूपी पुलिस कर रही पूछताछ

बालिया से पकड़ गया युवक हाउसिंग बोर्ड भिलाई का रहने वाला बताया गया है। यूपी पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इधर महादेव सट्टे के संचालक सौरभ चंद्राकर, रवि उत्पल,राज गुप्ता, शुभम सोनी समेत अन्य फरार लोगों की गिरफ्तारी तक नहीं हो पाई है। दुर्ग जिलों के पुलिस थानों में उक्त लोगों के खिलाफ अपराध कायम है। इसके अलावा जिले से तीन पुलिस वालों की गिरफ्तारी अब तक हो चुकी है। इसके अलावा महादेव सट्टा का पैनल अब भी शहर के युवक बाहर रहकर चला रहे है। महादेव के रकम वसूली को लेकर भी विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। संदिग्धों से पर भी पुलिस की पैनी नजर लगी हुई है।

## गृह दोष के नाम पर झांसा देकर 2.25 लाख रुपए की धोखाधड़ी

**भिलाई।** मकान में गृह धोष शांति का झांसा देकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 457/08 सडक 21/ए आशीष नगर रिसाली निवासी अनिल वशिष्ठ ने शिकायत किया है कि 18 फेस-2 श्री जी कल्पतरु कालोनी अमलीडीह रायपुर निवासी विवेक कुमार मिश्रा गृहदशा ठीक नहीं होना व अच्छे लोकेशन पर मकान जमीन दिलाने का झांसा देकर 2 लाख 25 हजार 501 रुपए का ठगी किया है। आज तक जमीन नहीं दिखाया गया और रकम तक पीड़ित को नहीं लौटाया है। विवेक कुमार मिश्रा से वर्ष 2022 में मुलाकात हुआ था। विवेक ने गृह दोष पूजा पाठ करना बताया और घर भी एक बार आया था। घर में परेशानी होना बताया और एक बार गृह दोष शांति के लिये पूजा करने की बात कहकर 2100 रुपए नगद लिया था। फोन से बातचीत में बताया कि पीड़ित के घर पर दोष है। नया घर लेना पडेंगा मेरा रायपुर में बडे बडे अधिकारियों से जान पहचान,अच्छे लोकेशन में जमीन दिलाने का झांसा दिया। पीड़ित उसके झांसे में आकर खाते से अलग-अलग समय पर उक्त रुपए लिया। समय बीतने के बाद विवेक ने न मकान, जमीन तक पीड़ित को नहीं दिलाया। परेशान होकर शिकायत पुलिस में की गई।

## जुनवानी चौक और नेशनल हाईवे के सर्विस रोड से हटाया अवैध कब्जा

**भिलाई।** भिलाई निगम द्वारा सूर्या मॉल चौंक स्थित मार्ग के दोनो तरफ सड़क के उपर अवैध रूप से सामने का भाग में लगे अवैध शेड एवं होर्डिंग को हटाया गया। जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के आधार पर सड़क के दोनो तरफ सामान बाहर निकाल देने एवं शेड बना देने, विज्ञापन बोर्ड लगा देने एवं उसके उपर सामान खरीदने वालो द्वारा अपना बेतरकीब ढंग से गाड़ी खड़ी कर देने से रास्ता जाम हो जा रहा था। 4 दुकानों पर कार्यवाही करते हुए सभी को हटाया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे सर्विस रोड में लगातार बढ़ रहे यातायात को सुगम और सरल बनाने जोन 3 के दल द्वारा मार्ग में अवरोध बनाने वाले अवैध अतिक्रमण बोर्ड एवं लम्बे समय से खड़ी वाहनो को हटाने की कार्यवाही की गई। टीम ने 18 नंबर रोड से पावर हाउस चौंक तक बेदखली की कार्यवाही की गई। चौंक में लगे गन्ना जूश दुकान एवं वाहन मेला वेंडरों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। सर्विस रोड में वाहन मेकेनिक एवं ठेला खोमचे को हटाते हुए उनसे 10200 रुपए अर्थदण्ड वसूला।

निर्यात कर का मामला

# उद्योगों को नोटिस के बाद महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम द्वारा उद्योगों से निर्यात कर लेने के नोटिस के बाद महापौर नीरज पाल ने शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे। निर्यात कर समाप्त करने की मांग बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के अपील की थी और कहा था कि उद्योगों की समस्याएं भी देखें।

### साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट आदि समस्याएं गिनाई

उद्योगपतियों ने महापौर पाल को बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था का सुधार की आवश्यकता है। इस ओर निगम प्रशासन को और ध्यान देने की जरूरत है। पश्चात महापौर नीरज पाल जोन 4 के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किए। महापौर ने वहां की समस्याओं को देखकर उद्योगपतियों को आश्वस्त किए कि शीध्र ही नगर निगम भिलाई एवं औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ एक संयुक्त बैठक की जावेगी। जो भी समस्या है उसका निरीकरण चरणबद्ध ढंग से निराकरण किया जायेगा। साफ-सफाई, पानी निकासी, स्ट्रीट लाईट संधारण कार्य के लिए जोन आयुक्त दुबे को यथाशीध्र व्यवस्थित करने के लिए कहा। जिस कार्य के लिए प्रपोजल बनाना है, उसे प्रस्तुत करें। ताकि एक सिस्टमेटिक रूप से कार्यो को संपादित किया जा सके।

**निरीक्षण के दौरान ये हुए शामिल**

भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष रतन दासगुप्ता, महासचिव श्याम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष, हरीश मुदलियार, अनिल गुप्ता, योगेश गुप्ता, रवि मिश्रा, सुरेश बोपचे, ई एस राजीव, तरणजीत सिंह, उज्जवल शाह, मुकेश अग्रवाल, ए के मिश्रा, शशि भूषण, रितेश रायका, अवी सहगल सहित नगर निगम भिलाई से भवन अधिकारी अरविंद शर्मा, अभियंता अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, अनिल मिश्रा, अंजनी सिंह अपने दल के साथ उपस्थित रहे।



# कोर्ट में याचिका मंजूरी के बाद भी जेसीबी लेकर स्कूल तोड़ने पहुंचा निगम

## पालक संघ के विरोध के बाद भी स्कूल में चलाई गई जेसीबी, जिम्मेदार अधिकारियों ने साधा मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शिक्षक नगर वार्ड में स्थित गरीब बच्चों का पुत्री शाला को नगरनिगम के अमले ने शुक्रवार से ताडना शुरू कर दिया है। पालक संघ स्कूल तोडने के विरोध में एक दिन पहले हाईकोट में याचिका लगा चुके हैं, वहीं याचिका की सुनवाई मंजूर भी हो गई है। इसके बाद भी फैसला आने से पहले स्कूल तोडने को लेकर पालक संघ मं जमकर नाराजगी है। इस मामले में पालक संघ ने विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अल्का बाघमार और कलेक्टर अभिजित सिंह से लिखित आवेदन देकर स्कूल नही तोडने की गुहार लगाई थी। लेकिन किसी भी गंभीरता नही दिखाई।

पुत्री शाला स्कूल में 55 से अधिक गरीब बच्चे अध्यनरत हैं। पानी टंकी के लिए पर्याप्त जगह होने के बाद भी नगरनिगम के स्कूल तोडने के फैसले को लेकर पालक संघ मुखर हो गए हैं। ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को तोडऩे का मामला पहुंचा हाईकोर्ट भी पहुंच चुका हैं। जिसकी सुनवाई मंजूर भी हो गई हैं। जिला शिक्षा विभाग के डीईओ ने भी विरोध के बाद भी निगम आयुक्त को एनओसी जारी कर दी हैं। वहीं नगर पालिक निगम को तोडऩे की अनुमति देकर चाबी सौंप दी है। वहीं निगम प्रशासन भवन को तोडऩे के लिए कक्ष को खाली करने दबाव बना रहा है। इसे लेकर पालकों की ओर से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुर्णेंद्र खिचरिहा ने हाईकोर्ट में याचिका दर्ज कराई है। हाईकोर्ट ने पालकों की याचिका स्वीकार कर ली है। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक जल्द तिथि तय कर मामले की सुनवाई शुरू की जाएगी।

**खास बातें**

- पहले भी गंजपारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल तोडे, अब तक नही बना
- नैतिकता पर नेतागिरी हावी, खतरे में स्कूल भवन का अस्तित्व

### पानी टंकी के नीचे स्कूल, रिस्क

जानकारों की माने तो पानी टंकी के नीचे स्कूल बनाने का नियम ही नही है। इससे बच्चे हमेशा रिस्क में रहेगें। कभी बढी दुर्घटना होती है तो इसके जिम्मेदारी किसकी होगी। सूत्रो ने बताया कि, आसपास के कुछ लोगों को लाभ देने के लिए पुरानी टंकी को वहां से हटाने का षडयंत्र किया जा रहा है और नई टंकी स्कूल के बीचो बीच बनाने की तैयारी है। निगम प्रशासन अब तक न तो शिक्षा विभाग और न ही पालक संघ के ड्राईंग डिजाइन उपलब्ध कराई हैं। जबकि पुरानी टंकी के पास कई अवैध कब्जा है, उस पर कार्यवाही करने के बजाय स्कूल तोडना समझ से परे हैं।



### सदमे में शिक्षक, बना रहे दहशत

पुत्री शाला स्कूल के शिक्षको ने भी स्कूल तोडने का विरोध किया था। लेकिन शिक्षको पर भी निगम के अधिकारी और नेताओं द्वारा दबाव डाला जा रहा हैं। बताया जा रहा है कि, आय दिन निगम के अधिकारी यहां आकर परेशान कर रहे हैं। यहां तक कि कलेक्टर से शिकायत बाद भी सुनवाई नही होने से पालक संघ हाईकोर्ट के दरवाजे गए। लेकिन फैसला आने के पहले तोडने की कार्यवाही से पालक संघ और शिक्षक टूट गए हैं। आप पार्टी के नेता मेहरबान सिंह ने बताया कि, उन्होने शुक्रवार को स्कूल तोडने से बचाने विधायक गजेन्द्र यादव से भी बात की, लेकिन उन्हें पाजीटिव रिस्पांस नही मिला।

**खबर संक्षेप**



### महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास प्रभारी श्रीमती शशि साहू ने समिति सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों, योजनाओं और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में विभाग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों और परियोजनाओं को शामिल किया गया। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना है। बैठक में विभाग के कामकाज में सुधार के लिए सुझाव और विचार-विमर्श भी किए गए। बैठक में 2 आंगनबाड़ी सहायिका को बर्खास्त करने पर विचार किया गया। जिसे समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय पारित किया गया। बैठक में देवनारायण तांडी, संजय अग्रवाल, जेम्स साजन जोसेफ, श्रीमती ललिता ठाकुर, श्रीमती सुरूचि उमरे, गुलशन साहू आदि उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल स्कूल में पंखा वितरण आज

दुर्ग। मानव सेवा में एक और कड़ी जोड़ते हुए जन समर्पण सेवा संस्था दुर्ग द्वारा ऐसा स्कूल जहां जरूरतमंद बच्चे पढ़ते है और पंखा की आवश्यकता है, उन 20 स्कूलों का चयन किया गया। उन सभी स्कूलों के लिए 17 मई 2025 को सुबह 9.30 बजे सरदार पटेल स्कूल, शनिचरी बाजार में पंखा वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक गजेन्द्र यादव उपस्थित रहेंगे।

**प्रदर्शन : पांच सौ से अधिक की संख्या में पहुंचे जिलेभर से श्रमिको का फूटा गुस्सा**

# रापा, झंउआ, घमेला लेकर मजदूरी मांगने पहुंचे मजदूर और कांग्रेसी

## सरकार पर लगाए मजदूरी छिनने का आरोप, रैली निकालकर दिखाई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महात्मा गांधी मनरेगा योजना में मजदूरी दिवस में कटौती किए जाने से जिलेभर में श्रमिको को गुस्सा फूटने लगा है। शुक्रवार को पांच सौ अधिक की संख्या में जिलेभर से मजदूर, जिसमें महिलाएं भी पहुंची थी। जहां राज्य शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान कांग्रेसी सिर पर रापा, झउआ और घमेला भी लेकर आए थे। कलेक्टर से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस प्रशासन द्वारा गेट के सामने रोक दिया गया। जहां सडक पर बैठकर कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसी और पुलिस के बीच जमकर झुमाझटकी भी हुई।

राजीव भवन दुर्ग में सभा का आयोजन किया गया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अगुवाई में दोपहर डेढ बजे नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई। रास्ते में कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय के सामने भी नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। वही पटेल चौक के आगे पुलिस द्वारा लगाए गए बैरीगेट्स को कांग्रेसी तोडने में सफल हो गए, वहीं दूसरे बेरीगेट्स जिसे लोहे की सीट से तैयार किया गया था। करीब पन्द्रह फीट वाले सीट के जरिए बेरीगेट्स तैयार किया गया था। यही नहीं करीब दो सौ से अधिक पुलिस जवानों की यहां तैनाती भी की गई थी। इसी जगह प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में पूर्व विधायक अरुण वोरा, आरएन वर्मा, गया पटेल, राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, संजय कोहले, अलताफ अहमद, प्रवक्ता नासिर खोखर, विक्रांत अग्रवाल, पालेश्वर ठाकुर, अय्यूब खान, अश्वनी साहू, शिवकुमार वर्मा, राजीव गुप्ता, शमशीर कुरैशी, संतलाल बंजारे, दानेश्वर साहू, जितेंद्र वर्मा, केबी वर्मा धमधा, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार, राजेश ठाकुर, नीता लोधी, रत्ना नरमदेव, आयुष शर्मा सहित अन्य थे।

**खास बातें**

- कलेक्टोरेट गेट के सामने पुलिस की भीड़ छावनी में रही तब्दील
- कांग्रेस ने एक सप्ताह पहले कर रखी थी तगडी तैयारी
- बैठकों के जरिए प्रदर्शन की दी गई थी सूचना भीड़ छावनी में



### कलेक्टर से बात करने अड़े रहे कांग्रेसी

आंदोलनकारियों का कलेक्टर से मिलने से पहले ही रोक दिया गया। जिससे गुस्साएं श्रमिक और कांग्रेसी सडक पर ही बैठ गए थे। यहां करीब दो घंटे तक वे कलेक्टर से बात करने अडे रहे। अफसरों ने कलेक्टर का स्वास्थ्य ठीक नही होने की बात कही। जिसके बाद जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे से अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने फोन पर चर्चा की, जिस पर सीईओ ने कहा कि, मनरेगा का फंड पीएम आवास में दिया जा रहा है और इसी से मजदूरी भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे कांग्रेस आक्रामक हो गए थे। कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू ने कहा कि, मनरेगा का फंड कैसे पीएम आवास के फंड में खर्च किया जा सकता है। यह मजदूरों के साथ अन्याय है। जिसके बाद सीईओ ने सोमवार को कलेक्टर की अगुवाई में इस विषय पर चर्चा करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। मौके पर डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को ज्ञापन दिया गया।




### चुनाव के बाद पहला बड़ा प्रदर्शन, उत्साहित रहे नेता

विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत चुनाव के पहले यह पहला बडा प्रदर्शन कांग्रेसियों ने किया। इस प्रदर्शन में दुर्ग ग्रामीण और दुर्ग शहर सहित भिलाई शहर के नेताओं और महिला मोर्चा सहित युवा कांग्रेसियों की भी उपस्थिति ने पार्टी नेताओं का उत्साह बढा दिया। कांग्रेस के इस प्रदर्शन में नेता ही नही बल्कि श्रमिक भी शामिल रहे। पिछले लंबे समय के बाद विपक्ष के उत्साह में इस तरह का संचार नेताओं को सकारात्मक उर्जा से भर दी हैं। प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा भाजपा की गलत नीतियों का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

### अध्यक्ष ने कहा सरकार कर रही षडयंत्र

जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की विष्णुदेव सरकार षड्यंत्र के तहत महात्मा गांधी रोजगार गारंटी को बंद करना चाह रही है। अयुब खान ने कहा पूर्व में 9 मई को ज्ञापन देने के बाद भी ग्रामीण मजदूरों के हित में कार्य नहीं करना बताता है कि, इस डबल तिबल सरकार का मजदूरों किसानों से कोई सरोकार नहीं है। दुर्ग जिले में पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान मनरेगा के तहत 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य था, इसे पिछले साल घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 इसे और घटाकर 18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है। जिससे डेढ़ लाख मजदूरों में सिर्फ 10 हजार को काम मिल रहा है। जबकि अन्य वर्षों में इस समय 40 से 50 हजार मजदूर जिले में मनरेगा के तहत कार्यरत होते थे, काम नही मिलने से मजदूरों का हाथ खाली हो गया हैं।

# उरला-बघेरा के रहवासी कचरा फेंकने पर बिफरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पोटियाकला के बाद उरला और बघेरा में भी वार्डवासियों द्वारा कचरा फेंकने के विरोध में उतर गए है। उनके द्वारा यहां कचरा प्लांट नही लगाने की भी मांग की है। वहीं कचरे के ढेर को आग के हवाले किए जाने की शिकायत की गई। कचरे में आगजनी से आसपास वातावरण जहरीला हो रहा है। जिससे आक्रोशित वार्डवासियों ने शुक्रवार को नगरनिगम का घेराव कर दिया।

- कचरा फेंकने का कर रहे विरोध, प्लांट लगाने का विरोध

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत उरला वार्ड एवं बघेरा वार्ड के निवासियों द्वारा कचरा डंप करने का विरोध करते हुए नगर निगम का घेराव कर दिया। सैकडों की संख्या में पहुंचे वार्डवासियों द्वारा निगम परिसर में एकत्रित होकर महापौर और निगम आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इसको लेकर महापौर अल्का बाघमार द्वारा सभापति श्याम शर्मा व एमआईसी सदस्यों के साथ दोनो वार्ड के पार्षद सरस निर्मलकर व रेशमा सोनकर और आंदोलनकारी के प्रतिनिधि मंडल के साथ चर्चा की गई। महापौर ने बताया किए वार्ड के नागरिको से चर्चा कर उक्त क्षेत्र में कचरा का निष्पादन हेतु प्लांट लगाया जा रहा है। वह कचरा डंप नहीं किया जा रहा बल्कि प्लांट लगाकर कचरे का निष्पादन किया जाएगा। जिससे वार्ड क्षेत्र में बदबू की समस्या नहीं रहेगी और आग नहीं लगेगी। महापौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए

### शहर में कई जगह कचरे में आगजनी

महमरा नदी रोड किनारे बडे स्तर पर कचरे को आग के हवाले किया गया। इसके बाद उरला वार्ड में भी कचरा जलाने की शिकायत लंबे समय से होती रही हैं। वहीं रविशंकर स्टेडियम के पास बने एसएलआरएम सेंटर भी आग लगी है। इसके पहले पुलगांव नाका के पास बने सेंटर में भी रात को आगजनी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इस तरह कचरे का निष्पादन करना छोड एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उडाकर वातावरण जहरीला किया जा रहा है।

## राज्यस्तरीय नेटबॉल स्पर्धा...



भिलाई। पांचवी सब जूनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता जांजगीर में 17 से 18 मई तक आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दुर्ग जिला नेटबॉल संघ की बालक-बालिका अंडर 16 की टीम आज सुबह साउथ बिहार एक्सप्रेस से जांजगीर रवाना होगी।

# मुआवजा मिलने के पहले निर्माण कार्य रोकने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। भारतमाला रोड परियोजना के अन्तर्गत पीड़ित किसानों ने मांग की है,



जिसमे उन्होने कहा कि, उचित मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक हमारे जमीन पर किसी भी तरह के निर्माण कार्य को ना किया जाए।

उन्होने कहा कि, गुरूवार को धनोरा में जमीन पर कलेक्टर व एसडीएम के (मौखिक) आदेश पर सैन्य बल के साथ हम सबके जमीन पर कार्य करते हुए हमारे एक किसान साथी बालमुकुंद तिवारी को हाईवा से मुरूम गिराते हुए दबा दिया गया। जिसमें वे पूरी तरह घायल हो गये थे। जमीन पर कब्जा करने के लिए हम किसानों को जो कि शांतिपूर्वक उचित मुआवजा की मांग करते हुए कार्य बंद करने का अनुरोध कर रहे थे। किसानो ने कहा कि गुरूवार को जमीन पर कब्जा करने की पूर्व सूचना हमें नही दिया गया था व अचानक तहसीलदारों द्वारा सैन्य बल के साथ हमें बलपूर्वक गिरफ्तार कर जिला जेल दुर्ग भेजकर हमारे जमीन पर सड़क निर्माण का कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कर दिया गया।

# महिला स्वास्थ्य अधिकारी ने की आत्महत्या स्वास्थ्य संघ ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खैरागढ़ के छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में पदस्थ आरती यादव ने अपने दुर्ग जिले के ग्राम धनोरा स्थित घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना 15 मई गुरुवार की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संगठन का आरोप है कि, उक्त महिला स्वास्थ्य अधिकारी ने विभागीय प्रताडऩा के चलते आत्महत्या की है। उन्होंने इस मामले की शिकायत थाने में भी की है।

- दुर्ग जिले के धनोरा की रहने वाली थी महिला अधिकारी



संगठन के प्रांताध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ने कहा कि, आरती संविदा कर्मी थी। एक महीने पहले ही पति का देहांत हुआ था। उनकी एक साल की बच्ची भी है। पति के देहांत से वह आहत थी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं जा रही थी। लेकिन उनकी अनुपस्थिति की शिकायत शासन-प्रशासन से हो गई।

इसके बाद सीएमएचओ कार्यालय से उनको फोन आया कि, जल्द ही ड्यूटी ज्वाइन करो, नहीं तो तुम्हारी सैलरी कट जाएगी और सीआर भी खराब हो जाएगा। मजबूरन वह ड्यूटी ज्वाइन की। इससे पहले वह स्थानांतरण दुर्ग कराने के लिए शासन-प्रशासन को आवेदन दे चुकी थी, लेकिन संविदा नौकरी होने के कारण सुनवाई नहीं हुई।

**योजनाओं की दी जानकारी, विधायक व महापौर भी पहुंचे**

# शिविर में 935 आवेदनों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुशासन तिहार के तहत शास. प्राथमिक शाला बोरसी वार्ड क्रमांक 52 में सात वार्डो का एक साथ 16 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने समाधान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 938 आवेदनों में 935 आवेदनों का निगम द्वारा निराकरण किया गया है।

- बघेरा और बोरसी में निगम ने लगाया समाधान शिविर

विधायक एवं महापौर ने शिविर में पहुँचकर प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी विस्तार से ली और स्थानीय जनता से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि, सुशासन तिहार में मिले विभिन्न विषयों के 938 आवेदनों में 935 आवेदनों का निगम द्वारा निराकरण किया गया है। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन को नई दिशा मिल रही है। शासन की मंशा है कि, योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचे। इसी सोच के तहत सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ अधिकारी और जनप्रतिनिधि के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर ही



### शासन और जनता के बीच की कड़ी है शिविर

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, यह शिविर केवल समस्या समाधान का मंच नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच भरोसे की एक नई कड़ी भी है। हमारी प्राथमिकता है कि, आमजन को योजनाओं की जानकारी भी मिले और वे उनका लाभ भी उठाएं। राज्य सरकार हर वर्ग गरीब, महिला, युवा और बुजुर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के माध्यम से शासन सीधे जनता के द्वार पहुँच रहा है।

# जिला पंचायत में आरओ मशीन महीनों से बंद, फरियादी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में अध्यक्ष ने आरओ मशीन पिछले लंबे समय से बंद होने का मुदा उठाया। अध्यक्ष के नाराजगी के चलते सीईओ ने जवाब में बताया कि, मरम्मत में राशि अधिक खर्च होने के कारण बजट का इंतजार किया जा रहा हैं।

- की बैठक में अध्यक्ष ने उठाया मुद्दा

जिला पंचायत में सौर उर्जा से संचालित आरओ मशीन महिनों से बंद पड़ी हुई है। इसे गर्मी के पहले सुधारने ठोस पहल नहीं हुई। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने बंद पड़ी आरओ मशीन का मुद्दा जोरशोर से उठाया। श्रीमती बंजारे ने कहा कि, पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री सौर उर्जा का उपयोग के लिए प्रेरित कर रहे है।



जिला पंचायत में जिलेभर के विभिन्न ग्रामों के लोग आते हैं, सौर उर्जा से संचालित इस मशीन का बेहतर संचालन कर लोगों सौर उर्जा के उपयोग के लिए एक बेहतर सकारात्मक संदेश जाएगा। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि, इसका निरीक्षण कराया जा चुका है। मरम्मत का बजट ज्यादा होने की वजह से नई मशीन का आर्डर किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बैठक में जिला पंचायत में जिलेभर के गांवो से आने वाली आम जनता के लिए सुविधाओं की जानकारी ली।

न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202505102700006/अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जनकलाल बंजारे पिता श्यामलाल बंजारे निवासी ग्राम सेवती, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम सेवती, प.ह.नं. 11, तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 470, 730 रकबा 0.14, 0.02 हे. भूमि आवेदक जनकलाल पिता श्यामलाल व अन्य 02 के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने मय बैंक चालान, शपथपत्र, खसरा एवं बी-1 की नकल, आधारकार्ड की छायाप्रति एवं तलवाना सहित आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक को डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 22/05/2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील-बोरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सेलूद में संत समागम समारोह आज से

**सेलूद।** कबीर आश्रम मानव सेवा ट्रस्ट संस्थान सेलूद के तत्वावधान में दो दिवसीय विराट संत समागम समारोह व भोजन भंडारा का आयोजन कबीर आश्रम सेलूद में किया गया है। जिसमें प्रथम दिन 17 मई प्रथम सत्र सुबह से पूज्य सन्त गुरुजनों द्वारा गुरु महिमा का पाठ सुबह 9 बजे भोजन प्रसादी प्रारंभ प्रातः 9.30 बजे से रात 9 बजे तक स्थानाधिपति साहेब एवं कार्यक्रम में पधारे हुए महंत साहेबों के द्वारा व समस्त भक्त समाज के पावन उपस्थिति में सद्गुरु कबीर साहेब का ध्वजारोहण, पूर्व गुरुजनों का समाधि पूजन होगा। इस कार्यक्रम में अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे।

### रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता आयोजित

**जामगांव आर।** जेआरसीसी क्लब एवं ग्रामवासी जामगांव आर के तत्वाधान में रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिसके शुभारंभ समारोह में अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, रूपेंद्र शुक्ला सरपंच ने की, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, उमाकांत चंद्राकर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस, जयप्रकाश चंद्राकर, प्रेमप्रकाश पांडे उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, आशीष जैन, भास्कर बंछोर सदस्य जप, मनीष जैन, प्रमोद देवांगन थे।

**दंबगई:** दर्जनभर लकड़ी तस्कर सक्रिय, प्रतिबंधित लकड़ी की हो रही सप्लाई

# वन विभाग की उदासीनता व धृतराष्ट्र नीति के कारण चल रही हरियाली पर कुल्हाड़ी

दिलीप साहू ▶▶| निकुम

**वन विभाग उचित कार्रवाई करने से लगातार बच रहा**



### कार्रवाई की जाएगी

"समय-समय गश्त होती है, वहीं बीते सप्ताह में 15 वाहनों को जप्त कर कार्यवाही हुई है। वहीं निकुम क्षेत्र में कार्यवाही अवश्य करेंगे।

**दीपेश कपिल,**
डीएफओ दुर्ग

### घरों में बंदर उत्पात मचा रहे

शासकीय भवनों व अधिकारियों के भवनों में जल है, तो कल है, स्लोगन सिर्फ दिवाल पर दांत चिढ़ा रही है, जबकि बेधड़क हरियाली कटने से तापमान बढ़ते जा रहा है। वाटर लेबल डाउन हो रहा है, मानो पानी पाताल लोक जा रही हो। गांवों की हालत शहर जैसी होने लगी है। वहीं लगातार पेड़ कटने से खेत खलिहान में रहने वाले बंदर गांव व घरों में पहुंचने से ग्रामीण दहशत में रहते हैं। समय रहते प्रशासन कार्रवाई करें तो व्यवस्था में सुधार होगी। वहीं क्षेत्र में ओव्हर लोड हाइवा मानों सड़क की सूरत बिगाड़ रहा है, जिले के आखरी गांव होने से अधिकारियों के कदम नही पड़ते हैं।

प्रदेश की विष्णुदेव भाजपा सरकार सुशासन त्योहार मनाकर जिलाप्रशासन के साथ गांवों में जा रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन की उदासीनता से पूरे सिस्टम लचर दिखाई देती है। गौर हो कि इस निकुम क्षेत्र में भाजपा सीएम के कदम नही उतरने से पूरा सिस्टम में कसावट नही है। ग्रामीण क्षेत्र में विवाह व कई जरुरतों के कारण किसान को रुपये पैसे की जरुरत पड़ती है, वहीं अपनी जरुरत के लिए मजबूरी में किसान लकड़ी बेचने पर विवश है। लकड़ी तस्करों के झांसे में आकर किसान औने पोने दाम में लकड़ी बेच रहे हैं, वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन प्रशासन स्तर पर पेड़ पौधे लगाकर जतन का संकल्प लेते हैं, गैर जिम्मेदारों की अनदेखी से लकड़ी माफिया हरे भरे पेड़ों पर आरी चलाकर हरियाली के सारे मंसुबे पर पानी फेर रहे हैं। वहीं खुलेआम टैक्टर, माजदा, मेटाडोर पर परिवहन कर रहे हैं। अवैध लकड़ी की कटाई खुले आम क्षेत्र में दर्जन भर लकड़ी तस्करो पर आखिर किसके इशारे पर दंबगई से अवैध कार्य चल रहा है। विभागों में लंबे समय से राजनीतिक संरक्षण के कारण कई कर्मचारी अपनी चापलूसी नीति के कारण विभागों में वर्षों से जमे हुए हैं। इस अंडा थाना क्षेत्र के निकुम सहित समीपस्थ जिला बालोद से क्षेत्र में अंचल के कई दंबगई लकड़ी माफिय धान कटाई के बाद से कई महीनों से गांव-गांव में जमकर हरियाली पर कुल्हाड़ी, ट्री कटर लकड़ी तस्करों के इशारे पर खेत खलिहान से जमकर कटाई हो रही है। हर रोज छोटे बड़े गाड़ियों में लकड़ियों की तस्करी होने से गांव की हरियाली उजड़ रही है। वही अलसबुह से देर रात तक स्टाक लकड़ी को आरामिलो व आलबरस, चंगोरी, विनायकपुर, चिमनी ईंट भट्ठी में खपाया जा रहा है। । आमतौर पर वन विभाग अपने कार्यो पर धृतराष्ट्र नीति अपना कर आखे मुंद ली है जिसके कारण बेखौफ होकर धान कटाई के बाद से ही लकड़ी तस्करो की तिरछी नजर खेत खलिहानो से औने पौने दामो में पेड़ो को खरीदकर हरा सोना लुटने में कोई कसर नही छोड़ रहे हैं। ब्रिकी के लिए जहां प्रतिबंधित लकड़ी का दोहन कर आरामील मालिक ठेके पर देकर स्वयंभू नेताओं बनकर रबड़ी खा रहे है, वहीं प्रतिबंधित अर्जुन पेड़ सहित जलावन लकड़ी को भी खुलेआम राजनीतिक आकाओं के दम पर दिन दहाड़े लकड़ी तस्करी कर रहे हैं। गौर हो कि यह क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण में भाजपा नेता के होने बावजुद जिम्मेदार अधिकारी अजगर करे ना चाकरी की कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। वही पर्यावरण को बचाने की जवाबदारी वनविभाग उचित कार्यवाही करने के बजाय मौनव्रत करने से सवालियां निशान उठना विभाग पर लाजमी है, गौर हो कि क्षेत्र में भूजल स्तर भी गिर रहा है। वहीं आमटी से निकुम सड़क पर रोपित नर्सरी पेड़ पौधे भी अनदेखी के कारण धीरे-धीरे कम होते जा रही है।

## अंचल की खबरें

### डुंडेरा में नियमित पानी सप्लाई बाधित, लोग परेशान

**उतई।** नगर पालिक निगम रिसाली के ग्रामीण वार्ड डुंडेरा, जोरातराई में नल जल योजना के तहत सभी घरों में पानी सप्लाई नियमित नही हो रही है। जिसे लेकर नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने नगर निगम रिसाली के आयुक्त के नाम ज्ञापन देकर व्यवस्था को जल्द सुधारने व ग्राम में परमानेंट पानी टैंकर उपलब्ध कराने मांग की है। पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने बताया कि डुंडेरा, जोरातराई में मोरिद जलाशय से पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन कुछ दिनों से मोरिद में बने फिल्टर प्लांट व डुंडेरा पानी टंकी में हो रही तकनीकी खराबी के चलते दोनों वार्डों में नियमित पानी की सप्लाई नही हो पा रही है इसके साथ ही ग्राम डुंडेरा के विभिन्न मोहल्ले के हैंडपंप भी खराब है जिसके चलते ग्रामीणों के सामने इस विकराल गर्मी में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। उक्त समस्या को जल्द सुधारने के साथ ही नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई नही होने के स्थिति से निपटने के लिए आगामी दो महीने डुंडेरा व जोरातराई के लिए रेगुलर पानी टैंकर की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत न हो सके।

■ डुंडेरा-जोरातराई में परमानेंट पानी टैंकर उपलब्ध कराने की मांग

### जरुरत के हिसाब से पानी का करें उपयोग

**उतई।** मई महीने की भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत उतई पीआईसी में लोक निर्माण, आवास, पर्यावरण और जल कार्य विभाग के सभापति शोभेंद्र उर्फ सोनू राजपूत ने नगर के निवासियों से अपील की है कि इस मौसम में ज़रूरत के अनुसार ही पानी का उपयोग करे। पानी की बेफिजूल की बर्बादी से बचें क्योंकि जल ही जीवन है तथा जल है तो कल है और हम है। इसलिए नगर वासियों से उन्होंने अपील की है कि जल का जरूरत के अनुसार हो सद उपयोग करें उन्होंने व्यवसायिक नल कनेक्शनों पर भी व्यापारी भाइयों से आग्रह किया है कि नल का पानी सड़कों पर बहाकर जल की बरबादी ना करें बल्कि उनकी सोचें जिनके घरों तक पीने का पानी भी नहीं पहुंच पा रहा है और उन्हें पानी के लिए नगर पंचायत द्वारा प्रदाय टैंकरों का इंतजार एक एक बाल्टी पानी के लिए करना पड़ता है इसलिए व्यवसाई भाई अपनी दुकानों के सामने लगे नल कनेक्शनों का पानी सड़कों पर छींटकर पानी की बर्बादी ना करें अपितु जरूरत के पूर्ति पानी लेकर नल की टौंटी बंद रखें ताकि आगे अन्य परिवारों तक पानी पहुंच उनकी घर की पानी की जरूरतें पूरी हो सके। उन्होंने नल आने के निर्धारित समय पर घरों में मोटर के माध्यम से पानी नहीं खींचने का आग्रह किया है क्योंकि मोटर चालू होने से जिन घरों में मोटर नहीं है उनके घरों तक पानी का फोर्स नहीं पहुंच पाता है जिससे उन्हें भी पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जो उनके साथ अन्याय है अतः सभी से निवेदन है कि पानी के मामले में सभी का ख्याल रखें और नगर पंचायत को सहयोग करें।



## बिजनेस साइट

### कमला मोटर्स में खेत की सफाई करने वाले उपयंत्र की डिलीवरी




**भिलाई।** शुक्रवार को मां संतोषी की पूजा आराधना कर प्रगति नगर रिसाली भिलाई के कृषक सुलभ जैन ने खेती कार्य में उत्कृष्ट 'जेसीबीएल' कंपनी के उपयंत्र इस्ट्रारीपर की खरीदी कर स्वयं ही नहीं अपितु पूरे रिसाली ग्राम के समस्त कृषकों को गौरवान्वित किया। फसल के बाद खेत की सफाई करने वाले मशीन उपयंत्र को इस्ट्रारीपर कहते हैं जब खेतों में गेहूं या धान जैसी फसले काटी जाती है तो किसान अनाज निकाल लेते हैं लेकिन खेत में सुखी डंठल यानी फसल का भूसा रह जाता है। यह सूखी डंठल अगर हटाया ना जाए तो खेत गंदा रहता है और अगली फसल बोना मुश्किल हो जाता है ऐसे में किसान की मदद करने के लिए आती है एक खास मशीन जिसे इस्ट्रारीपर कहते हैं। इस्ट्रारीपर एक कृषि उपयंत्र है जो कटाई के बाद खेत में बचे हुए भूसे यानी स्ट्रा को इकट्ठा करता है काटता है और उपयोगी बनता है। यह मशीन ट्रैक्टर से चलती है और खेत में बचे हुए भूसे को अच्छे से साफ कर देती है। इस्ट्रारीपर के अनेक फायदे हैं जैसे पर्यावरण की रक्षा। कई किसान भूसे को जला देते हैं जिससे धुआं और प्रदूषण फैलता है। एस्ट्रारीपर इस भूसे को इकट्ठा कर लेता है और जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी है। इकट्ठा किया गया भूसा पशु चारे जैविक खाद बायोफ्यूल या कागज बनाने में काम आता है इससे किसानों को अतिरिक्त लाभ होता है। अगली फसल बोने से पहले खेत को साफ करना जरूरी होता है जो इस्ट्रारीपर बहुत आसानी से कर देता है। यह उपयंत्र ट्रैक्टर से जुड़ा होता है और उसके चलने पर यह काम करता है। कटर ब्लेड सुखे डंठल को छोटे-छोटे टुकड़े में काटती है इसका बिटर और ड्रम भूसे को हिलाते हैं ताकि उसमें फंसे हुए दाने निकल जाए फेन एवं चन्नी भूसे से धूल और बेकार सामग्री अलग करते हैं। भूसा संग्रहण बॉक्स होता है जिसमें की साफ भूसा एकत्रित होता है यानी इस्ट्रारीपर खेती के बाद खेत की सफाई करने वाला एक उपयोगी उपयंत्र है यह न सिर्फ खेत को साफ करता है बल्कि किसानों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार और आमदनी बढ़ाने वाला बनाता है। साफ खेत बेहतर खेती यही है इस्ट्रारीपर की असली शक्ति है। उप यंत्र की डिलीवरी देते हुए मां भवानी क्रेन के संचालक पुत्र बालक अनिकेत सिंह एवं कमला मोटर की आगंतुक नंदिता सामंत, संतोष सिंह, कोमल सिंह आदि। वहीं उपयंत्र की डिलीवरी लेते हुए सुलभ जैन, ऋचा जैन, मोनू सिंह, भानु साहू आदि थे।

# कुम्हारी स्कूल के बच्चे समर कैंप में सीख रहे हैं डांस करने की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद/कुम्हारी



■ सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

शासन के आदेशानुसार पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुम्हारी में 13 मई को सरस्वती वंदना एवं दीप जलाकर संकुल समन्वयक अजय सिंह एवं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य विजया श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली बनाने से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं रोचक रंगोली बनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत रोचक छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में किया गया। वहीं 14 मई को नृत्य एवं संगीत की कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें खैरागढ़ विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त जम्मी स्नेह द्वारा भारत नाट्यम के विभिन्न विधाओं से लगभग 100 छात्र-छात्राओ को परिचित कराय गया। छात्र-छात्राओं ने अपने प्रशिक्षक के साथ सामूहिक नृत्य का प्रस्तुतीकरण दिया इसी तरह कुमारी सूफी खातून प्रशिक्षक द्वार संगीत के विभिन्न विधाओ का परिचय कराया गया जिसमे सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में 15 मई को नाटक एवं कबाड़ से जुगाड़ का कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार महेश वर्मा एवं राजेंद्र कुमार साहू द्वारा नाटक की विभिन्न विधाओ की गरिमा, अभिनय , वेशभूषा एवं प्रस्तुतीकरण पर व्याख्यान दिया गया। बालिका शिक्षा ,आधुनिक शिक्षा में मोबाइल का महत्व एवं आधुनिक परिवेश में विद्यार्थियों की भूमिका पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

### अनुष्का ने दसवीं में 90.73 अंक प्राप्त की

**पाटन।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला पाटन के अनुष्का शर्मा ने कक्षा दसवी मे 90.73 प्रतिशत अंक लेकर उतीर्ण हुआ है अनुष्का वर्मा इंदिरानगर वार्ड 2 पाटन निवासी रघुनाथ वर्मा नाना के घर रहकर शुरू से पढाई कर रही है अनुष्का के पिता शेष नारायण वर्मा माता मधु वर्मा ग्राम पाहन्दा अ में रहता है। अनुषका ने अपने कक्षा एंवं कन्या विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रभारी प्राचार्य प्रदुमन सिन्हा, आरएस लहरी एवं पार्षद निशा सोनी, योगेश निक्की भाले आदि ने बधाई दी है।



### अवैध परिवहन के खिलाफ वन विभाग की बड़ी कर्रवाई

**उतई।** दुर्ग वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दुर्ग ग्रामीण के विभन्न ग्रामों में लगे प्रतिबंधित लकड़ियों के परिवहन में लगे 15 वाहनों को पर कार्यवाही करते अवैध काष्ठों के साथ जब्त किया गया। दुर्ग वन मंडलाधिकारी दीपेश कपिल से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्ग जिला के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिबंधित लड़कियों की अवैध परिवहन की सूचना मिल रही थी जिस पर टीम गठित कर प्रतिबंधित प्रजातियों के काष्ठों का परिवहन मे संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही की गयी है। उक्त कार्यवाही परिक्षेत्र अधिकारी दुर्ग, धमधा एवं बेमेतरा के नेतृत्व में की गई है। दुर्ग वनमण्डल अंतर्गत कुल अवैध परिवहन में संलिप्त 15 वाहनों पर जप्ती की कार्यवाही कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि रोजना लकड़ी माफिया किसानों से कम दामों में खरीद कर उसे आस पास के आरा मिलो में अवैध रूप से परिवहन करते हैं।



### संपर्क, संवाद, स्नेह और समाधान यही है सुशासन तिहार की पहचानः विधायक ललित




**भिलाई।** शुक्रवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगपुरा में आयोजित सुशासन तिहार, समाधान शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर ग्रामीणजन से संवाद करते हुए उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। शिविर के दौरान विभागीय योजनाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया और धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लिया। इस अवसर पर राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति पत्र आदि का वितरण किया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को गोद भराई रस्म के अंतर्गत पोषण आहार किट प्रदान की गई तथा शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी विधिपूर्वक संपन्न कराया।

सभा को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा यह अभिनव पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य है जनता की हर समस्या का समयबद्ध समाधान हो। यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जनसेवा और सुशासन के संकल्प को धरातल पर साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। आगे चंद्राकर ने कहा देश में किसी की गारेंटी चलती है तो वो मोदी की गारेंटी चलती हैं। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार बनने के बाद हमने पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ में 70 लाख माताओं- बहनों को महतारी वंदन की राशि दी जा रही है। हमारा राज्य धान का कटोरा है। हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रहे हैं। हमारे वनवासी भाई-बहनों को तेंदूपत्ता का प्रति मानक बोरा 5500 रुपये दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जितेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरीश साहू, जनपद सदस्यगण अजीत चंद्राकर, लोमस चंद्राकर रजनी साहू , संगीता साहू संतोष निषाद , सरपंचगण सरोज रिगरी नगपुरा, राजू यादव बोरई, ललिता ठाकुर चिखली आदि उपस्थित थे।

■ नगपुरा में आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

### मानसरोवर विद्यालय के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट




**भिलाई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल, नई दिल्ली द्वारा आयोजित दसवीं एवं बारहवीं 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें मानसरोवर विद्यालय अंग्रेजी माध्यम, जंजगिरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें दसवीं की छात्रा हार्शिता गौर 95.4 % के साथ प्रथम एवं शुभम यादव 91.2% के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह टिकेन्द्र देवांगन 88.4 %, दिशा अग्रवाल 85.8% अंकों के साथ सफलता हासिल की। बारहवीं की परीक्षा में विद्यालय के छात्र वैभव जैन 89.8 % के साथ प्रथम स्थान, प्रज्ञा चंद्राकार 84.2 % के साथ द्वितीय स्थान, निहारिका सिंह 82.6 % के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इनके साथ ही अनेक विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर मानसरोवर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरूद के परीक्षा परिणाम बेहतर



**भिलाई।** नालंदा इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल कुरूद में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन ने छात्रों को बधाई दी। यहां दसवीं में 100% रिजल्ट रहा, वहीं 12वीं में 90% रिजल्ट रहा। 10वीं में अनुष्का साहू 95.02 प्रतिशत, विवेक पटेल 95.2 प्रतिशत, मोहम्मद जाहिद अंसारी 95% अंक अर्जित किए। वहीं कक्षा 12वीं में नसीब अंसारी 94.2 प्रतिशत, बलजिंदर कौर 93% अंक अर्जित किए। इस प्रकार शाला में सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। प्रतिभाशाली छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग के लिए स्कूल प्रबंधन ने बधाई दी है।

**निःशुल्क कोचिंग, छात्राओं ने 10वीं बोर्ड में किया बेहतर प्रदर्शन**

# शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की धुरी है: फलेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



माय भारत दुर्ग से सम्बद्ध शौर्य युवा संगठन आदर्श ग्राम कोड़िया द्वारा संचालित फ्यूचर गर्ल्स निःशुल्क कोचिंग की छात्राओं ने छग बोर्ड के 10वीं कक्षा के परीक्षा शानदार प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन किया है। शौर्य संगठन के कार्यक्रम समन्वयक यादवेंद्र साहू ने जानकारी देते हुए बताया बी एजुकेटेड मूवमेंट संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के सहयोग से संगठन के शिक्षा व पुस्तकालय विभाग द्वारा पिछले 6 वर्षों से लगातार बोर्ड कक्षा की छात्राओं के लिए निःशुल्क कोचिंग का संचालन कर रही है जिसमें ग्राम व आसपास की छात्राओं को मुख्य रूप से गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी सहित अन्य विषयों की निःशुल्क कोचिंग दी जाती है एवं कैरियर काउंसिलिंग के साथ उन्हें निःशुल्क स्टेशनरी, पाठ्य पुस्तक सामग्री प्रदान की जाती है। साथ ही छात्राओं को शारिरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए शतरंज, लूडो व कैरम का प्रशिक्षण दिया जाता है एवं नैतिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है।

हाल ही में छग माध्यमिक मंडल ने 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया जिसमें संगठन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है। निःशुल्क कोचिंग की 22 छात्राओं में सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुए एवं 15 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। जिसमें से योनिता साहू पिता मूलचंद साहू 94, मोनिका भारद्वाज पिता डालेश्वर भारद्वाज 90.5, योगिता साहू पिता मूलचंद साहू 89.67, तुल्लिका साहू पिता जितेंद्र 87.5, चित्रांशी टंडन पिता दयालु राम 87.17 फीसदी अंक के साथ टॉप 5 में जगह बनाई। विशेष उपलब्धि में गणित विषय में योगिता और योनिता ने 100 व मोनिका ने 98 अंक एवं योनिता व तुल्लिका ने विज्ञान विषय में 97 अंक अर्जित किये हैं। छात्राओं व संगठन की इस उपलब्धि के लिए बी एजुकेटेड मूवमेंट यूएसए के प्रमुख संजय, महेंद्र, उदय व भारत के राष्ट्रीय समन्वयक दीप कुमार गौर, दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रध्दा साहू, माय भारत के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा, ग्राम कातरो सरपंच जितेंद्र सोनी, गोरकापार मीडिल स्कूल हेडमास्टर खुमान भारद्वाज, कोकड़ी प्राइमरी स्कूल हेडमास्टर संदीप यादव, कांग्रेस नेता चुन्नीलाल चंद्राकर, एसएमडीसी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर, कोड़िया स्कूल के पूर्व प्राचार्य अनिल कुमार गुप्ता, छग युवा जनकल्याण संगठन अध्यक्ष एवं उपसरपंच हनोदा प्रकाश पटेल, दुर्ग जिला निषाद समाज आंकेक्षक मलेश निषाद, गायत्री परिवार कोड़िया प्रमुख उमेश साहू, शौर्य संगठन उपाध्यक्ष चिरंजीव निषाद, सचिव आदित्य भारद्वाज, कोषाध्यक्ष रवि साहू, सुरडोंगर स्कूल व्याख्याता ईशु साहू, दुर्ग कलेक्टर स्टेनों दीपक यादव सहित अनेक समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है।

### बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने मददगार साबित

शौर्य संगठन के अध्यक्ष फलेंद्र पटेल ने सभी छात्राओं एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कहा संगठन के शिक्षा एवं पुस्तकालय विभाग के माध्यम से संचालित प्रत्येक कार्यक्रम एवं योजनाएं प्रतिवर्ष नया कीर्तिमान बना रहा है। निःशुल्क कोचिंग पिछले 6 वर्षों से संचालित है जिसमें प्रत्येक वर्ष उत्तरोत्तर परिणाम मिल रहे हैं। यह कार्यक्रम गरीब परिवार एवं पढ़ाई में रुचि लेने वाली लड़कियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ बालिका शिक्षा को बढ़ावा में मददगार साबित हो रहा है। उन्होंने कहा शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की धुरी है और संगठन लगातार इसके लिए प्रयास करती रहेगी। संगठन द्वारा संचालित बी एजुकेटेड निःशुल्क कोचिंग में यादवेन्द्र साहू गणित, सुरेश साहू विज्ञान एवं लक्ष्मी निषाद अंग्रेजी विषय को पढ़ाने के लिए सेवा देते हैं।

## खबर संक्षेप

### बिल में हेराफेरी करने वाला साला पुलिस पकड़ में

**भिलाई।** बिल में हेराफेरी कर धोखाधड़ी देने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 316 (2),318 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि जयंती नगर दुर्ग



निवासी पीयूष त्रिपाठी ने शिकायत किया है कि हाउसिंगबोर्ड में स्थित संकल्प फार्मेसी के नाम से मेडिकल दुकान संचालित करने वाला साला बृजमोहन दुबे उर्फ गगन ने कंप्यूटर बिल निकालते समय पैसों का हेरा फेरी कर 40 लाख रुपए गबन कर धोखाधड़ी किया है। पुलिस जांच में पता चला कि बृजमोहन दुबे उर्फ गगन को पकड़ कर पूछताछ करने पर धोखाधड़ी देना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश किया गया। कार्रवाई में कोतवाली दुर्ग थाना प्रभारी ममता अली शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। थाना प्रभारी थाना दुर्ग एवं सहायक उप निरीक्षक मोहन साहू, प्रधान आरक्षक अजय वश्विकर्मा, आरक्षक ललित साहू एवं गौर सिंह राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

### जिज्ञासा दसवीं में अव्वल

**भिलाई।** शासकीय हाईस्कूल सरेखा में कक्षा दसवीं की छात्रा जिज्ञासा देशमुख ने 96.50 प्रतिशत



अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।वे दनिया निवासी शिक्षक राजूलाल देशमुख और ललिता देशमुख की पुत्री हैं ।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के शैक्षिक वातावरण, प्राचार्य के मार्गदर्शन और गुरुजनों की मेहनत को दिया है ।

### सीए भिलाई शाखाः नेशनल कांफ्रेंस उन्नयन आज

**भिलाई।** सीए भिलाई शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कांफ्रेंस उन्नयन का 17 मई को सिविक सेंटर स्थित सीए भवन में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में देशभर से सीए सदस्य भाग लेने आ रहे हैं, जहां जीएसटी, इनकम टैक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे अहम विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे। यह कांफ्रेंस सीए प्रोफेशनल्स और छात्रों को नए तकनीकी नवाचारों, कर प्रणाली में बदलावों और कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा। सीए भिलाई ब्रांच के चेयरमेन सीए राजेश बाफना ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य सीए पेशेवरों को प्रभावी ज्ञान और अद्यतन तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के संयोजक सीए अरविंद सुराना ने आयोजन की तैयारियों को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि यह कांफ्रेंस विशेषज्ञों और प्रतिभागियों के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, स्पंज उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मंडल एवं इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के सदस्य अरुण खोड़पिया होंगे। कांफ्रेंस के पहले दिन अमृतसर की सीए आंचल कपूर जीएसटी से जुड़े नोटिस और अपील की प्रक्रिया को विस्तार से समझाएंगी।

# सेल में मेनपावर कम होने का खामियाजा भुगत रहे कर्मचारी

## आठ साल में मात्र 2525 अधिकारी रिटायर हुए, बीएकेएस ने की कर्मियों की बहाली की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएसपी सहित सेल में मेन पावर कम होने की कीमत कर्मियों और मजदूरों को चुकानी पड़ रही है। यूनियनों ने इसके विरोध में दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। बीएकेएस यूनियन ने अधिकारी वर्ग की संख्या में कटौती करने और तथा कर्मचारियों की बहाली करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सेल में मेन पावर तेजी से कम हो रहा है। हर माह बीएसपी सहित अन्य उपक्रमों में औसत सौ कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं। लेकिन भर्ती नहीं हो रही है। इसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। सेल में 4 कर्मचारियों तथा 7 ठेका मजदूरों पर एक अधिकारी है। 29 हजार कर्मचारी वेज रीविजन एरियर की राह देखते देखते सेवानिवृत हो गए ।अधिकारियों की भारी फौज मैनपावर कॉस्ट को बढ़ा रहा है । बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की घटती संख्या पर सवाल किया है । महासचिव अजय वासनिक ने कहा कि यूनियन के मुताबिक एक तरफ हर दिन सेल कर्मचारियों की संख्या घटती जा रही है तो दूसरी तरफ सेल प्रबंधन द्वारा अधिकारियों की संख्या को यथावत रखा जा रहा है ।



### कर्मचारियों की बहाली की दरकार

जनवरी 17 से मार्च 25 तक कर्मचारियों की संख्या में कमी 39.74% की कमी हुई है। 29 हजार कर्मचारी पिछले 101 माह में अपने एरियर्स का इंतजार करते सेवानिवृत हो गए । पिछले 8 वर्षों में 12535 ठेका मजदूरों की संख्या में वृद्धि हुई है। जबकि 29 हजार कर्मचारियों की संख्या में कमी हुई है। कर्मचारियों पर सलाना 17 हजार वर्क फोर्स का वर्क लोड बढ़ गया है ।पिछले 8 साल में मात्र 2525 अधिकारी ही सेवानिवृत हुए हैं । अभी भी औसतन 4 कर्मचारी तथा 7 ठेका मजदूर पर एक अधिकारी हैं ।कुल मैनपावर खर्च का 55% सिर्फ अधिकारी वर्ग पर ही खर्च किया जा रहा है । अधिकारियों की भारी संख्या ही मैनपावर कॉस्ट को बढ़ा रही है । उत्पादन कार्य सभी कार्य कर्मचारी कर रहे है । कर्मचारियों की संख्या कम होने, वेज रीविजन में धांधली, एरियर्स का भुगतान नही होने से भी कर्मियों में असंतोष है।

## सेफी अध्यक्ष की शिकायत पर केंद्रीय रजिस्ट्रार ने की जांच

# सेल एम्प. कोआपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी में दो सौ करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश

## बंछोर ने की सोसायटी में सरकारी प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने की मांग


हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

स्टील एग्जीक्यूटिव फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (सेफी) की शिकायत पर सेल एमप्लाइज कोआपरेटिव क्रेडिट सोसायटी कोलकाता में 200 करोड़ के घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। सेफी के अध्यक्ष एनके बंछोर ने उच्च प्रबंधन से मांग की है कि अब सोसायटी के संचालन के लिए सरकारी प्रतिनिधि नियुक्त किया

■ रिटायर सेल कर्मियों की जीवनभर की कमाई डूबी

जाए। साथ ही जब तक समिति की अनियमितताओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक सदस्यों से की जा रही अंशदान और ऋण की कटौती को इस सहकारी समिति के पास जमा न कराया जाए।

सेफी व बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर और सेफी के वाइस प्रेसिडेंट तथा सीएमओ के एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने सेल एम्प्लाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी, कोलकाता में हुए 200 करोड़ रुपए के वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों की जांच की मांग पीएमओ और केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री से की थी। इस शिकायत पर केंद्रीय रजिस्ट्रार ने इस मामले की जांच के आदेश दिये ।श्री बंछोर ने बताया कि सेल एम्पलाइज कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी में 2 हजार से अधिक सेल के वर्तमान व पूर्व कार्मिक सदस्य हैं, जिसमें मुख्यतः सीएमओ, कोलकाता तथा सेल कॉरपोरेट ऑफिस के कार्मिक शामिल हैं। इस संस्था में हुए वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण सेल के वर्तमान व पूर्व कार्मिक प्रभावित हुए हैं। सदस्यों को 2 सौ करोड़ रुपए अटक गए हैं। सेफी ने पीएम, केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री को पत्र लिखकर सोसायटी में घोटाले की जांच की मांग की थी।



### सदस्यों के करोड़ों रुपए अटके

क्रेडिट सोसाइटी भारी वित्तीय अनियमितताओं तथा प्रशासनिक गड़बड़ियों के चलते सोसायटी के सदस्यों के 200 करोड़ रूपए अटक गए। हमारे निरंतर प्रयासों से सहकारी समिति के केन्द्रीय रजिस्ट्रार द्वारा किये गये जांच में बेहद चौकाने वाले तथ्य सामने आए। सोसाइटी ने 198 करोड़ रूपये, शेयरों और अन्य मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किए, लेकिन कोई डीमैट खाता विवरण प्रस्तुत नहीं किया । सोसाइटी ने पूरी राशि के मूल्य घटने से समाप्त होने का दावा किया। सोसाइटी ने 1,053 सेल के पूर्व कर्मचारियों तथा 12520 बाहरी व्यक्तियों जैसे छोटे विक्रेताओं, रिक्शा चालकों को भी सदस्यता दी, जो मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट का उल्लंघन है। इस घोटाले से सेल के सेवानिवृत कर्मचारियों के जीवनभर की पूंजी संकट में पड़ गई है।



# ऑपरेशन विश्वासः 27 साल पुराने वारंटियों की धरपकड़

## पुलिस का अभियान, दहशत में अपराधी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पुलिस ऑपरेशन विश्वास ने जिले के अपराधियों पर नकेल कसने का काम किया है। 27 साल से फरार वारंटी भी पुलिस पकड़ में आया। इसके लिए पुलिस के 150 कर्मियों ने वारंट तामिली किया। वर्षों से लंबित स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियो पर तामिली के लिए पुलिस ने 15-16 मई की रात जिले में आपरेशन विश्वास चलाया गया। थाना क्षेत्रों में वारंटियो की पतासाजी के लिए टीम बनाकर वारंटियों के सकुनत व संभावित ठिकानों में दबिश दी गई। अभियान में 235 वारंट के कुल 198 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने वारंटियों का फिंगर प्रिंट लेकर डाटा बेस तैयार किया है। अभियान में जिलो के सभी थानो के साथ-साथ एसीसीयू की टीम के द्वारा वारंटियो की पतासाजी धरपकड़ की गई। थाना छावनी से फरार 27 वर्ष पुराना वारंटी भी पुलिस पकड़ में आ गया है। छावनी के गुण्डा बदमाश का जिला बदर वारंटी भी तामिल कराया गया। जिले के 235 वारंट में से 204 स्थाई वारंट और 31 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई गई। जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान चलाया गया था।फिलहाल ऑपरेशन विश्वास चलता रहेगा। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पुलिस का ऑपरेशन विश्वास अपराधियों को नहीं छोडेगा। यह अभियान लगातार चलते रहेगा।

### समाज को मैसेज देने का रहा प्रयास

वारंटियों को पकड़कर पुलिस ने जेल के सलाखों के भेजने का मकसद है कि समाज के लोगों को भी इन वारंटियों की जानकारी हो। इसके अलावा समाज में संदेश जाए कि अपराध करने वाले अपराधियों पर पुलिस किस तरह नकेल कसती है। अपराधी कोई भी दुर्ग पुलिस उसे नहीं छोडेगी। वारंटियों को पकड़ने के लिए पुलिस रात व दिन मेहनत कर उनके तक पहुंच पाई है। जिले में अमन चैन हो ऐसी व्यवस्था पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। शहर में बढ़ रहे अपराध, चोरियों पर भी इससे अंकुश लगेगा।

### लगातार चलता रहेगा यह अभियान

“ ऑपरेशन विश्वास का मकसद है कि अपराधियों के मन में दहशत पैदा करना है। आम लोगों के बीच विश्वास पैदा करना है।अपराधी अगर अपराध करता है तो पुलिस उनके साथ उससे भी बुरा करेगी। एसएसपी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलता रहेगा।

-अभिषेक झा एएसपी दुर्ग

### नेहरू गैलरी में नंदी के छाया चित्रों की प्रदर्शनी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा वरिष्ठ छायाकार पीके नंदी के छायाचित्र प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. सौरव मुखर्जी ने किया। 17 मई तक नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन पर विभाग के जीएम अमूल्य प्रियदर्शी, प्रशांत तिवारी, एजीएमरेणु गुप्ता, तथा फोटोग्राफर पी के नंदी व श्रीमती नंदी, भिलाई आट्र्स क्लब के सदस्य



ईश्वर पटेल, गिलबर्ट जोसेफ, ब्रिज बिहारी मिश्रा, सुनीता वर्मा आदि उपस्थित थे। डॉ. मुखर्जी ने नंदी की प्रतिभा और सृजनात्मक दृष्टिकोण की प्रशंसा की। कहा कि कई चित्र इतने मार्मिक है कि वे आपको उनमें खो जाने पर विवश करते हैं। बीएसपी के सेवानिवृत्त चार्जमेन पीके नंदीअनुभवी छायाकार होने के साथ वे यात्रा प्रेमी, आट्र्स क्लब के पूर्व सचिव प्रदर्शनी 17 मई तक प्रतिदिन 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक खुली रहेगी।

## पावरहउस रेलवे स्टेशन के दो रिजर्वेशन काउंटर बंद करने से यात्री हो रहे परेशान

**भिलाई।** पावर हाउस रेलवे स्टेशन को प्रधानमंत्री के मांडल स्टेशन के रुप में विकसित किए जाने के बीच सुविधाओं में कौटती की जा रही है। इससे यात्री हैरान और परेशान हैं। स्टेशन में दो टिकट काउंटर को बंद कर दिए जाने से मुसाफिर हलाकान हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पावरहाउस स्टेशन को करोड़ों की लागत से पीएम को योजना के तहत नवनिर्माण किया जा रहा है। लेकिन रेलवे द्वारा महीनेभर पूर्व दोटिकट काउंटरों को बंद कर दिया गया है। इससे टिकट को लेकर मारीमारी हो रही है। पूर्व में यात्रियों की असुविधा को देखते हुए तीन रिजर्वेशन काउंटर से टिकट दिया जाता था । लेकिन डिजिटल सेवा के नाम पर 15 मार्च से



■ पीएम व रेलमंत्री को कांग्रेस नेताओं ने लिखा पत्र

रिजर्वेशन काउंटर नंबर 6, व 5 को बंद कर दिया गया है। टिकट के लिए यात्रियों में काफी लंबी लाइन लगी रहती है। टिकट के लिए विवाद होते रहता है।

### एक ही गेट से बढ़ेगी परेशानी

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रधानमंत्री, रेलवे मंत्री और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री तथा सांसद से डिजीटल टिकट काउंटर सुविधा को जल्द फिर से बहाल करने की मांग की है।। बताया है कि अचानक काउंटर बद किए जाने से भीषण गर्मी मे यात्री परिवार के साथ परेशान हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोरा एवं भिलाई शहर जिला विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी ने बताया कि रेलवे अधिकारियों के अडियनल रवैया के कारण स्टेशन में मात्र एक ही गेट का निर्माण किया गया है जिससे आने-जाने में यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । अधिकारी सुरक्षा संबंधी कारण बताते हुए अन्य गेट निर्माण के लिए मना कर रहे हैं। जबकि अन्य सभी स्टेशनों में दो गेट हैं। कांग्रेस नेताओं ने पीएम व सीएम से पावरहाउस स्टेशन में दो गेट बनवाए जाने की मांग की है।

## भाजपा की सरकार में टाउनशिप के रहवासियों को मिला हॉफ बिजली का लाभः प्रेम प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में लागू की गई हाफ बिजली योजना का लाभ पाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था। भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से अंततः इस योजना को भिलाई क्षेत्र में लागू किया गया, जिससे हजारों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने फेसबुक लाइव कार्यक्रम बात भिलाई की के माध्यम से इस विषय पर अपनी बात रखी। पाण्डेय ने बताया कि 1 मार्च 2019 को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने प्रदेशभर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ करने की योजना लागू की थी। लेकिन भिलाई इस्पात संयंत्र के उपभोक्ताओं को इसके लाभ से वंचित रखा गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री व स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लगातार इस मुद्दे पर बीएसपी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को गुमराह किया गया। लेकिन हमने लगातार इसके लिए आवाज उठाई और न्यायालय तक की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि हमने समानता के अधिकार के तहत मांग कि बीएसपी टाउनशिप, कैंप 1, खुर्सीपार, जोन 1 से 9, हॉस्पिटल सेक्टर, रूआबांधा, रिसाली सहित पूरे बीएसपी क्षेत्र को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस मांग को तत्कालीन सरकार के मुखिया और उर्जा सचिव तक सामने रखा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूर्ववर्ती सरकार ने तर्क दिया कि बीएसपी के उपभोक्ताओं को सीएसपीडीसीएल की तरह योजना का लाभ नहीं मिल सकता क्योंकि उनके टैरिफ अलग है। लेकिन समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) के आधार पर इस मुद्दे को उठाया गया। आखिरकार लगातार मांग के पश्चात भाजपा सरकार द्वारा इस मांग को पूरा किया गया और लोगों राहत देने का निर्णय लिया। पाण्डेय ने बताया कि जनवरी 2025 में योजना के दूसरे चरण के तहत 8.58 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। इससे 12,780 बीएसपी कर्मचारियों और 8,000 गैर बीएसपी निवासियों को लाभ मिला।पहले चरण में भी 4 करोड़ 6 लाख रुपये आबंटित किए गए थे।



## खेलो इंडिया गेम्स में दिखेंगे भिलाई के खिलाड़ी

**भिलाई।** खेलो इंडिया बीच गेम्स प्रतियोगिता 19 मई से 24 मई तक दीव के घोघला समुद्र तट पर आयोजित है। इसमें छत्तीसगढ़ से सीनियर महिला टीम भाग लेगी। इसमें भाग लेने वाली महिला खिलाड़ी सीनियर गर्ल्स टीम (500 कि),लता नाग (कप्तान), त्रिवेणी, नेहा यादव, गरिमा, निर्मला, , राधिका, रीना, दमेश्वरी निषाद, वाणी, पूनम हैं। छत्तीसगढ़ टीम का अभ्यास हर्षल वाघ कोच और तनु कोच मैनेजर के मार्गदर्शन में हो रहा है। टीम की सफलता के लिए छग रस्साकशी संघ के महासचिव श्रीकांत, जी. सुरेश पिल्लई, इंदरजीत सिंह, अजय दिक्षित, प्रभुनाथ बैठा, निशिकांत शर्मा, गिरीश कुमार यादव, औरंगजेब खान ने शुभकामनाएं दी हैं।



पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## एएसपी राठौर ने बच्चों को दिए टिप्स चोपकर ने भी दिखाई कलाकृति

**भिलाई।** इप्टा भिलाई के तत्वावधान में नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर एक में चल रहे बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल और तरुण नाट्य शिविर में बच्चे नाट्य कला के गुर सीख रहे हैं। शिविर में बच्चों को कला के सुरक्षा व जागरुकता के टिप्स भी दिए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि एडिश्नल एसपी सुखनंदन राठौर और विशेष अतिथि वरिष्ठ काष्ठ कलाकार श्रवण चोपकर नन्हें कलाकारों से रुबरु हुए। श्री चोपकर ने अपनी आकर्षक व संदेशपरक कलाकृति मदर्स एंड चाइल्ड, मंदिर,मस्जिद,चर्च और गुरुद्वारा,कारगिल के शहीदों को समर्पित 106 फीट लंबी चैन का प्रदर्शन किया। उन्होंने कलाकृति से कला के साथ ममता और सांप्रदायिक सदभाव का संदेश दिया।एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौर से मुलाकात भी नन्हें कलाकारों के लिए ज्ञानवर्धक रही। उन्होंने रोचक तरीके से बच्चों को सायबर अपराध से बचाने के लिए पुलिस शब्द की सार्थक व्याख्या की । उन्होंने बताया कि अगर पुलिस के पी को पासवर्ड के रूप में ओ को ओटीपी, एल को की लिंक व सी को चैट के संदर्भ में और ई को इमरजेंसी नंबर के रूप के याद रखा जाए तो सायबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। दोनों अतिथियों को इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव व मणिमय मुखर्जी से बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सुचिता मुखर्जी, चित्रांश श्रीवास्तव, बीबी परगनिहा आदि उपस्थित थे।



■ इप्टा का बाल नाट्य शिविर

## ट्रैफिक पुलिस चला रही है अभियान

# माल वाहक वाहनों पर स्टीकर चस्पा कर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

जिले में माल वाहको में सवारी बिठाकर लेकर जा रहे चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार

■ माल वाहक वाहन चालकों को सवारी ना ले जाने शपथ दिलाई

कार्रवाई करती आ रही है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि इस तरह के वाहन चालको पर विशेष पाइंट मोतीपुर चौक, अहिवारा रोड, पुलगांव चौक, उतई रोड, अंजोरा बाईपास में लगाकर चेकिंग की जा रही है। मालवाहक वाहनों में सवारी ले जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा और अर्थदंड को लेकर जानकारी देते हुए वाहनों में स्टीकर भी चस्पा किए गए। ऐसे वाहन चालकों से भविष्य में दोबारा ऐसी गलती ना करने के लिए सहमति पत्र भी भराया जा रहा है। विगत 4 दिनों में कुल 116 माल वाहक वाहन में सवारी ना ले जाने की कार्रवाई की गई। 248 वाहन चालकों सें सहमति पत्र भरवाया गया। वर्ष 2024 में अन्य जिलों में माल वाहक वाहनो में सवारी ले जाने के दौरान हुई सडक हादसों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने का प्रयास कर रही है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा 4 दिनो से लगातार माल वाहक चालकों को माल वाहक में सवारी ले जाने के दौरान हुई हादसों को लेकर अवगत कराते समझाइए दी गई।





### लाइसेंस निलंबन करने की भी कार्रवाई

माल वाहक वाहन में सवारी ले जाने और शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले अपराध पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 39/192 (1), 66/192(1) के तहत, शराब सेवन 185 वाले को अर्थदंड की जानकारी दी गई। वाहनों में स्टीकर लगाया जा रहा है। समझाइश के साथ-साथ लगातार ऐसे वाहन चालकों पर 4 दिनों में 116 वाहनों पर कार्रवाई भी किया गया। चालको के लायसेंस निलंबन की कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग को भी पत्र प्रेषित किया गया है।






स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 17 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129


02 भारतीय ज्ञान परम्परा छात्राओं के चरित्र निर्माण में उपयोगी, कार्यशाला में हुई चर्चा

सिटी इवेंट

## बच्चे सीख रहे क्रॉफ्ट बनाना, डांसिंग और सिंगिंग का ले रहे प्रशिक्षण



**दुर्ग।** विद्यापीठ स्कूलक मालवीय नगर में बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे क्राफ्ट, डांस, सिंगिंग सहित अन्य विधाओं में पारंगत हासिल कर रहे हैं। बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के तहत प्लास्टिक बाटल से क्रॉफ्ट फ्लावर बनाए गए हैं, जो देखते बनता है। इसी प्रकार प्लास्टिक बॉटल ,थर्माकोल, कुरकुरे चिप्स के पैकेट से अन्य सजावट सामान बनाए गए। स्कूल की डायरेक्टर मुक्ति अग्रवाल के मार्गदर्शन में समर कैंप पूरे मई महीने में चलेगा। सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं में नई तकनीक का उपयोग करते हुए एक से बढ़कर एक सजावटी चीज बना रहे हैं। छोटे बच्चों द्वारा कलरिंग किया जाता है, जबकि बड़े बच्चे डेकोरेशन ग्लास पेंटिंग, रंगोली, सिलाई कढ़ाई, क्राफ्ट, डांस, सिंगिंग में हिस्सा ले रहे हैं। सभी बच्चों को शनिवार को स्कूल में ही मूवी दिखाई जाएगी। मुक्ति अग्रवाल फाइन आर्ट में मास्टर की डिग्री प्राप्त हैं। कई स्थानों से पुरस्कृत भी हो चुकी हैं। स्कूल के प्राचार्य बीके गान ने बताया कि छुट्टी के समय बच्चों को कुछ क्रिएटिव करने के उद्देश्य से समर कप का आयोजन किया गया है। स्कूल के सचिव शंकरलाल ताम्रकार ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की है।

सिटी इवेंट

## सेना के सम्मान में बनाई पेंटिंग हृदय विदारक घटना का किया चित्रण



**भिलाई।** कलाकार अंकुश देवांगन ने भारतीय सेना के सम्मान में पेन्टिंग तैयार की है। इस पेन्टिंग में उन्होंने 6 दिन पहले ही शादी हुई महिला के यकायक विधवा हो जाने के दृश्य का हृदय विदारक चित्रण किया। सिर झुकाकर सूख चुके आंसू से शून्य को निहारती नवयौवना की पेन्टिंग में कलाकार ने सिंदूर का बदला पाकिस्तान हुआ कंगला लिखा। यह शब्द अब राष्ट्रीय स्तर पर सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हो रहा है। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में बनाए गए इन चित्रों को देखने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो लोग पहुंचे। बता दें कि शहर के कलाकारों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा मात्र चार दिन में पाकिस्तान को धूल चटा देने की घटना को 100 फीट लंबी पेन्टिंग में दर्शाया था। सिविक सेंटर में एकत्रित कलाकारों और सैकड़ों लोगों ने भारतीय सेना के जाबांज सिपाहियों को देश का सच्चा हीरो निरूपित किया। तिरंगा लहराते हुए उन्हें सलामी दी। ललित कला अकादमी में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में दुर्ग, भिलाई, खैरागढ़, राजनांदगांव और रायपुर के कलाकारों ने भाग लिया। उन्होंने भारत द्वारा युद्ध रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे भारत में युद्ध का लंबा चलना उचित नहीं है। अंकुश ने भारत सरकार और समस्त देशवासियों से अपील की है कि हमें आपस में मिलकर पूरी ताकत अपने देश के विकास में लगा देना चाहिए।

लाइव इवेंट

## 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा में धनोरा स्कूल के 107 में 102 स्टूडेंट्स रहे उत्तीर्ण

**उतई।** छत्तीसगढ़ राज्य बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षाफल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। वर्ष 2024-25 में कक्षा 10वीं के कुल 53 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। उनमें 49 उत्तीर्ण रहे। परीक्षा परिणाम 92.4% रहा। स्कूल में खेलेश्वरी साहू पिता मनेश कुमार साहू ने 93.5% के साथ प्रथम, शीतल यादव पिता शिव कुमार यादव ने 92.17% द्वतीय, नम्रता साहू पिता राम नारायण साहू 87.85 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार संतोषी पिता पीलू राम साहू 87.17 प्रतिशत ने चतुर्थ, खुशबू निषाद पिता राजेश निषाद एवं यमुना पिता पुष्पेंद्र साहू ने 81.67% पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कीर्ति पिता विश्वाम निषाद एवं रेशमा पिता लोमेश देशलहरे ने 81.33% के साथ छठवां स्थान प्राप्त कया। कक्षा दसवीं में 20 वद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 21 द्वतीय श्रेणी और 8 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में 54 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें 53 उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 98.14 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में कुल 38 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 15 विद्यार्थी द्वितय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। चुम्मन पिता मोहन लाल पटेल ने 90.4% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। खिलेश्वरी पिता रमेश पटेल 82.8% द्वतीय, जानवेल पिता इसामवेल सैमुअल ने 82.6% तृतीय, याली पिता रेखवंत साहू एवं मोलिशा पिता नरेश कुमार साहू ने 80.2% चतुर्थ, चंचल पिता कृष्णा पटेल 79.2% पंचम, निशा पिता उम्हे लाल साहू 78.6% षष्ठम एवं लोमन रूपेश साहू 77.2% आदि के परीक्षा परिणाम बेहतर रहे।

● आनंद सरोवर बघेरा में व्यक्तित्व विकास के लिए पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर का आगाज

# अच्छा इंसान बनने के लिए सकरात्मक सोच जरूरी, जीवन में सच्चाई, सफाई और सादगी परमात्मा के तीन गिफ्ट

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आनंद सरोवर बघेरा में ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को इसकी शुरुआत की गई। 20 मई तक चलने वाले इस शिविर में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी अजय साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए। आरएल ठाकुर ने कहा कि इस समर कैंप से कौशल विकास होगा। रचनात्मक काम होंगे। अजय साहू ने कहा कि अच्छा इंसान बनने की शिक्षा ब्रह्माकुमारी बहनें दे रहीं है, जो कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। संचालिका रीटा दीदी ने कहा कि जीवन में सच्चाई, सफाई और सादगी यह परमात्मा के तीन गिफ्ट हैं, जिसे धारण करना चाहिए।

**भिलाई।** आनंद सरोवर में चलने वाला यह आध्यात्मिक प्रशिक्षण शिविर 20 मई तक आयोजित है। कक्षा छटवीं से आठवीं तक के बच्चों के व्यक्तित्व विकास लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सहायक संचालक ठाकुर ने कहा कि इस सभागार में आपको अपने व्यक्तित्व के विकास करने का अवसर मिलेगा। 5 दिन में आपको पता नहीं चलेगा हमारे व्यक्तित्व में कितना विकास हो गया। हमारे संस्कारों में कितना परिवर्तन आ गया है। मोबाइल में गुगल मदद करता है, यहां ब्रह्माकुमारी बहने मदद करेंगी। अजय साहू ने बच्चों को समर कैंप की विशेषता सुनाते हुए कहा कि पहले वैल्यू एजुकेशन की क्लास चला करती थी, उसमें कुछ नैतिक शिक्षा के संबंध में कुछ पाठ पढ़ाया जाता था। आज हम जो पढ़ाई कर रहे हैं, वह सिर्फ हमको डॉक्टर, इंजीनियर और कलेक्टर बनने के लिए ही पढ़ाई कराई जाती है। अच्छा इंसान बनने की शिक्षा ब्रह्माकुमारी बहनें दे रही हैं, जो कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। रीटा दीदी ने कहा कि आप सभी दिव्य फरिश्तों का स्वागत है। आज परमात्मा की ओर से आपको तीन गिफ्ट दे रहें हैं, वह यहां से लेकर जाना है। उसे जीवन में धारण करना है। तीन गिफ्ट सच्चाई, सफाई और सादगी है। कैसी भी परिस्थिति आपके जीवन में आए आपको सच्चाई नहीं छोड़नी है। अपने मन में किसी के भी प्रति दुर्भावना न हो, ऐसी दुर्गंध किसी को पसंद नहीं होती। तीसरी बात जीवन में सादगी सभी को आकर्षित करती है। ये तीनों बातें अपनाएं, इससे जीवन और विचारों में श्रेष्ठता आती है।



### मन को शांत रखने के दिए टिप्स सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए





ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा ने प्रशिक्षण शिविर में कहा कि जब आप किसी कारण से दुःखी हों, जब आप किसी कारण से परेशान हों और तब आपको पढ़ने के लिए बिठाया जाए, तो पढ़ाई में मन नहीं लगता। इसलिए मन को शांत और खुश रखना जरूरी है। लाइफ में जो प्रॉब्लम्स आती है, उस प्रॉब्लम में भी आप अपने मन को खुश कैसे रखो शांत कैसे रखो, इसे हम इस प्रशिक्षण शिविर में बताएंगे। समर कैंप में प्रारंभ में आए हुए सभी बच्चों को भुवनेश्वरी बहन ने गीतों के द्वारा बहुत सुंदर एक्सरसाइज कराया। चंद्राणीं ने अति सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन रेनू ने किया।

## छत्तीसगढ़ में पर्यटन क्षमता बढ़ाने आईआईटी भिलाई करेगा रिसर्च, ऐतिहासिक स्थलों की होगी पहचान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के साथ आईआईटी भिलाई ने शुक्रवार को दो समझौता किया। इसमें तय किया गया कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए सामाजिक रूप से प्रासंगिक जांच को बढ़ावा देंगे। इन समझौता ज्ञापनों पर संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, छत्तीसगढ़ शासन तथा छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के साथ हस्ताक्षर किए गए। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित द फ्यूचर ऑफ म्यूजियम इन इन रैपिडली चेंजिंग कम्युनिटीज नामक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले दिन रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के ऑडिटोरियम में इस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यटन बोर्ड के प्रबंध निदेशक विवेक आचार्य, आईएफएस और आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर



संतोष विश्वास ने आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। बताया गया कि असुरक्षित ऐतिहासिक स्थलों और स्मारकों का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। आईआईटी भिलाई में छत्तीसगढ़ के इतिहास और विरासत को सामने रखते हुए एक पुस्तकालय और एक्सआर संग्रहालय के रूप में ज्ञान भंडार का निर्माण और सर्वोत्तम वैश्विक प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए आईआईटी भिलाई में विरासत अध्ययन में एक संकाय अध्यक्ष की स्थापना किया जाएगा। छग पर्यटन बोर्ड के साथ छग की पर्यटन क्षमता को बढ़ाने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देने प्रयास किया जाएगा।

**विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने बनी कार्ययोजना:** इस अवसर पर प्रोफेसर प्रकाश ने कहा कि विकसित भारत 2047 के साझा उद्देश्य को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना आईआईटी भिलाई के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक विरासत, जनजातीय ज्ञान और स्वदेशी आजीविका के क्षेत्रों में अनुसंधान को गति देने के लिए आईआईटी भिलाई में एक अंतःविषय अनुसंधान केंद्र, संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र की स्थापना की गई है। इस केंद्र का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने दिसंबर 2024 में आईआईटी भिलाई में एक समारोह में किया था।

## रूंगटा कॉलेज में रक्तदान शिविर, 26 यूनिट ब्लड कलेक्ट



**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी आर-1 में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 26 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के दिशा निर्देश पर यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कॉलेज के स्टूडेंट्स और स्टॉफ ने ब्लड डोनेट किया। कॉलेज के प्रमुख सोनल रूंगटा के जन्मदिन पर यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से जिला अस्पताल ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, डॉ. आयुषी सिंह, डॉ. सरिता पटेल, काउंसलर टीएस एंथोनी, गणेश निर्मलकर, लैब टेक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंह, रूपेश सप्रे, कुसुम चंद्राकर, निशु, सूरज, कृष्णा, ओमप्रकाश, कौशल साहू, हिमांशु, प्रशिक्षणार्थी, कॉलेज से महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. मनीष मनोरिया, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. एस भारती, विक्की कुमार मौजूद थे।

गंगा दशहरा 5 और निर्जला एकादशी 6 जून को, विधि-विधान से होगी पूजा-अर्चना

# जेठ माह में त्योहार-व्रतों की गर्माहट, पड़ेंगे पांच मंगलवार, 27 मई को अमावस्या और वट सावित्री पूजन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ज्येष्ठ माह की शुरुआत हो चुकी है। इसकी समाप्ति 11 जून को होगी। इस बार ज्येष्ठ माह में पांच मंगलवार पड़ रहे हैं।

इसके साथ ही इस माह में व्रत-त्योहारों के साथ अनेक महापुरुषों की जयंतियां भी मनाई जाएंगी। नारद जयंती, रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के साथ महाराणा प्रताप और वीर सावरकर जयंती भी इसी माह मनाई जाएगी। इस माह मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था, इसलिए 5 जून को गंगा दशहरा मनाया जाएगा। नौतपा में मानसून भी दस्तक देगा। जल संरक्षण महत्व भी ज्येष्ठ माह ही समझाता है। यही वजह है कि ज्येष्ठ माह में जगह-जगह प्याऊ और वाटर कूलर लगाए जा रहे हैं। इस माह को आम बोलचाल में लोग जेठ का महीना भी कहते हैं। इस महीने में गर्मी अपने चरम पर होती है। सूर्य की किरणें झुलसाने लगती हैं, जहां लोग गर्मी से बचने के लिए विभिन्न जतन करते हैं, वहीं मंदिरों में भगवान को शीतलता देने के लिए जलयात्रा कराई जाती है। 6 जून को निर्जला एकादशी मनेगी। ज्योतिष दृष्टि से ज्येष्ठ माह के शुरुआती दिन बेहद खास हैं क्योंकि इस दौरान दोनों प्रभावशाली ग्रह गुरु और सूर्य का राशि परिवर्तन हो रहा है। ज्येष्ठ माह में जलदान और गंगा स्नान का बड़ा महत्व है।

### सुहागिनें करेंगी वट वृक्ष की पूजा ज्येष्ठ अमावस्या का विशेष महत्व

वट सावित्री व्रत 27 मई को मनाई जाएगी। पंडितों का कहना है कि शास्त्रों में वट वृक्ष की शाखाओं को देवी सावित्री का रूप माना गया है। इनमें ब्रह्मा, शिव, विष्णु के साथ स्वयं सावित्री भी निवास करती हैं। इस व्रत को महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए भी करती हैं। इस दिन महिलाएं वट वृक्ष की अक्षत, पुष्प, चंदन, ऋतुफल, पान व सुपारी से पूजा करेंगी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि वट सावित्री व्रत के दिन बरगद और पीपल की पूजा करने से शनि, मंगल और राहू के अशुभ प्रभाव दूर हो सकते हैं। ज्येष्ठ के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 5 जून को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक धार्मिक मान्यताओं में इस दिन गंगा नदी पर स्नान और दान-पुण्य का महत्व बताया गया है। इस माह में विशेष फल देने वाला गंगा दशहरा भी आएगा। सभी 24 एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण निर्जला एकादशी और पति की दीर्घायु व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला पर्व वट सावित्री भी इसी माह में रहेगा। पंडित लाखेश्वर पांडेय ने बताया कि इस माह सूर्योदय से पूर्व उठकर ब्रह्म मुहूर्त में सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। इससे उम्र लंबी होती है।

### निर्जला एकादशी और भीमसेन एकादशी पर भी आयोजन



ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 6 जून को निर्जला एकादशी और भीमसेन एकादशी है। इस एकादशी व्रत में पानी पीना वर्जित माना गया है। इसी वजह से इस एकादशी को निर्जला कहते हैं। पंडितों का कहना है कि बीमारी से ग्रस्त लोगों को निर्जला नहीं रहना चाहिए। ज्येष्ठ मास में गर्मी अधिक रहने से अधिकतर नदी, तालाब व कुएं सूख जाते हैं। इस कारण कई जगहों पर जल की भी कमी हो जाती है। इस वजह से खासतौर पर ज्येष्ठ मास में जल बचाने की परंपरा है। ये महीना जल का महत्व बताता है। इसी महीने की सबसे बड़ी निर्जला एकादशी पर भक्त पूरे दिन निर्जल रहकर व्रत रखते हैं। भीषण गर्मी में पूरे दिन अन्न-जल के बिना रहना एक तप की तरह है।

### 29 को महाराणा प्रताप और 31 को अहिल्या बाई होलकर जयंती

मई माह में दो प्रमुख जयंतियां भी पड़ने वाली है। इसमें महाराणा प्रताप की जयंती 29 और अहिल्या बाई होलकर की जयंती 31 मई को है। इन दोनों दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी प्रकार 17 मई को सशस्त्र सेना दिवस मनाया जाएगा। 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और 27 मई को जवाहर लाल नेहरू की पुण्य तिथि है। 11 जून तक जेठ की गर्मी पड़ेगी। इसके बाद आषाढ़ का महीना पड़ेगा। इस महीने में सूर्य पूजा और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दौरान अच्छी सेहत और लंबी उम्र के लिए सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है।

सिटी इवेंट

## विद्यार्थियों ने ज्ञान व विज्ञान के नाटकों का किया मंचन



**भिलाई।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर में सम्पन्न तृतीय अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में भिलाई के आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा को विशेषज्ञ समीक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया। आचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि भगवदज्जुकीयम्, मन्त्र दानम्, महिमामय भारतम्, विषय परिणय, धर्मचक्रप्रवर्तन, शम्बूक अभिषेक और कौण्डिन्य प्रहसन आदि के सफल मंचन की सबने सराहना की। 14 संस्कृत विश्वविद्यालयों के 800 विद्यार्थियों ने 20 से अधिक नाटकों का मंचन किया। श्रीकृष्ण और पंचतन्त्र के अलावा शेक्सपियर पर संस्कृत नाटक खेले गये। भोपाल के रविंद्र भवन में इन नाटकों के हजारों दर्शकों से प्रेक्षागृह लगातार चार दिन खचाखच भरा रहा। कुलपति प्रो.श्रीनिवास बरखेड़ी, मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी नई दिल्ली के सचिव डॉ.के.श्रीनिवास राव, संस्था के निदेशक प्रो.रमाकान्त पाण्डेय एवं कुलसचिव प्रो. आरजी मुरली कृष्णन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. शर्मा ने कहा कि कोई ऐसी कला, विद्या, शिल्प,कर्म, काव्य या विधा नहीं जिसे रूपक या नाट्य मंचनों द्वारा व्यक्त किया न जा सके। समस्त ज्ञान-विज्ञान को नाटक व्यक्त कर सकते हैं।समीक्षक के रूप में उपस्थित भिलाई के डॉ महेश चन्द्र शर्मा का शॉल-श्रीफल, भोजराज पंचांग एवं शास्त्रीय ग्रन्थ भेंट कर अभिनन्दन किया गया। इस विश्वविद्यालय के पूर्व रूप राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली द्वारा 2012 में दिल्ली में सम्पन्न पन्द्रहवें विश्व संस्कृत सम्मेलन में भी डॉ. शर्मा को विशेष रूप से आमन्त्रित किया गया था। रूपक महोत्सव के बाद,पूरे देश के साथ यहां भी नई शिक्षा नीति के अनुसार भारतीय ज्ञान परम्परा पर भी राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई जिसमें डॉ. महेश शर्मा ने भी भाग लिया। इसके अतिरिक्त दत्तोपन्त ठेंगड़ी संस्थान भोपाल द्वारा मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद मेपकॉस्ट में सम्पन्न राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में भी आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे थे।

- विद्यार्थियों ने किया 20 से अधिक नाटकों का मंचन
- संस्कृत विश्व विद्यालय में नाट्य समीक्षक के रूप में उपस्थित रहे डॉ. शर्मा

समाज इवेंट

## मस्जिद ट्रस्ट ने हज पर जा रहे लोगों का किया इस्तकबाल



**भिलाई।** भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट ने शुक्रवार को हज के मुबारक सफर पर जा रहे लोगों का इस्तकबाल किया। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में जुमे की नमाज के बाद सभी आजमीने हज का गुलपोशी से इस्तकबाल किया गया और मुबारकबाद पेश की गई। मस्जिद के इमाम हाफिज इकबाल अंजुम हैदर ने सभी आजमीने हज को खुशकिस्मत बताते हुए दुआओं की गुजारिश की। मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग और तमाम ओहदेदारों सहित मस्जिद में मौजूद नमाजियों ने सबी आजमीने हज का गुलपोशी के साथ इस्तकबाल किया। सभी ने इन जायरीनों से हज के दौरान उनके हक में दुआएं करने की गुजारिश की। इस साल हज के फरीजे को अंजाम देने जा रहे खुशकिस्मत लोगों में जुल्फिकार अली, इमरान खान, अब्दुल खादर हुमायूं बाशा, शब्बीर, अब्दुल जहूर, अब्दुल हई, मुहम्मद अफजल, अली अकबर मुजीबुर रहमान, मोईन, अब्दुल फरीद निजामी, अब्दुल अलीम, वहीदुद्दीन सिद्दीकी, इकबाल गौरी, अतीक हुसैन पाशा, आदिल हुसैन पाशा, डॉ इरशाद अहमद, सलीम खान, मुनव्वर बेग, यूनुस, अतीक उल्लाह, अब्दुल फैयाज,याकूत अहमद, अली हसन, एजाज अहमद, शेख नूरुद्दीन, जमील कुरैशी, इरशाद अहमद, अतीक अहमद और अब्दुल मजीद ने इस इस्तकबाल के लिए सभी का शुक्रिया अदा किया।



● भीषण गर्मी में तीन टाइम पौधों को दे रहे पानी

# पौधों को मुरझाने से बचाने कर रहे जतन, लोग लगा रहे टेरेस गार्डन में शेड, फव्वारे और ग्रीन नेट, इंडोर प्लांट से घर में हरियाली

**भिलाई। मई महीने में पड़ रही भीषण गर्मी का असर जीव-जंतुओं के साथ-साथ पेड़ पौधों पर भी पड़ रहा है। जिसके लिए लोग अपने गार्डन मे लगे पेड़-पौधों का जतन करने व्यवस्था में लगे हुए है। कोई सुबह और शाम के अलावा दिन में भी पौधों को पानी देकर जतन कर रहे है तो वहीं ट्विनसिटी में अधिकांश घरों में ग्रीन नेट का चलन काफी बढ़ चला है। वर्तमान में ग्रीन नेट की मांग भी बाजार में काफी बढ़ गई है। रोजाना सीधे धूप झेलने की वजह से पौधे पूरी तरह से सूख जाते है और फिर से इसमे हरियाली आना संभव नहीं हो पाता है।**

### झुलसने से बचाने लगाते हैं ग्रीन नेट



दुर्ग निवासी मधु अग्रवाल के छत में लगाए गए टेरेस गार्डन साल भर फूल व पौधों से भरा रहता है। मधु के बेटे पंकज बताते है कि मौसम के अनुसार पौधे लगाए रहते हैं। उसकी देखरेख भी मौसम अनुसार होता है। ठंडी के खत्म होते ही सेवती, कैलेडुला, डहलिया जैसे पौधों की कटिन कर उसे सुरक्षित अमले सहित रख दिया जाता है। वहीं गर्मी के फूल अडेनियम, झरेचेरा, मोगरा, कासमल, पंचेटिया, एकाइसरा पसैलिन, गंगा दूध, मॉर्निंग ग्लोरी लीली, बोगनविलिया के पौधों को खाद देकर व कटिंग कर उसकी देखरेख शुरू कर दी जाती है। ये सारे पौधे गर्मियों में बराबर फूल देते रहते हैं। इससे गर्मी में भी गार्डन की शोभा बनी रहती है। ग्रीष्म काल में मौसम के शुष्क होने के कारण ग्रीन नेट भी लगा लेते हैं। साथ ही सुबह-शाम दोनों समय पानी देने का क्रम चलते रहता है। इससे हरियाली गर्मी में भी बनी रहती है।

### ये भी है आकर्षण का केंद्र

रामकृष्ण ने बताया कि उनके गार्डन में एडेनियम जिसे वुड रोज भी कहते हैं, विदेशी बेर, विविध कलरों के देशी गुलाब आकर्षण का केंद्र है। वुड रोज एक ऐसा फूल है जो कि ठंड व बारिश में निरंतर दो महिने तक नहीं मुरझाता है। विदेशी बेर जिसे कटिंग कर छोटा रखते हैं, साल में दो बार फलता है। काफी मीठा होने के कारण यह परिवार का पसंदीदा फल है।

### लगाए गए हैं शेड

ट्विनसिटी के घरों में गर्मी के दिनों में इन फूलों के पौधों को बचाने के लिए ऊपर शेड लगाए गए हैं। इससे सूर्य की किरणे सीधा पौधों पर नहीं पड़ता है। वहीं मशीन चालू कर 10-10 मिनट फॉगिंग की जाती है। इससे हरियाली बरकरार रहती है।

### तीन टाइम पानी देकर कर रहे पौधों का जतन

विद्युत नगर दुर्ग निवासी मधु अग्रवाल के घर के आंगन और छत में एक सुसज्जित टेरेस गार्डन है। इनके द्वारा अपने इस गार्डन को बारहों माह हरा-भरा रखने विदेशो की तर्ज पर टाइमर लगे फव्वारे लगाए गए है। इससे 10 मिनट में आटोमेटिक सिंचाई हो जाती है और सिंचाई होने के बाद मशीन अपने आप बंद हो जाती है। तेज गर्मी में सुबह से रात तक तीन टाइम पानी से पौधों को सहेज रहे है। इसके साथ ही वे दिन में भी वैकल्पिक व्यवस्था कर पौधों को पानी देते है। गार्डनिंग के शौक के चलते भिलाई के मैत्री गार्डन में हर साल फरवरी में होने वाले फ्लावर शो में पिछले 6 सालों से विभिन्न कैटेगिरी में पुरस्कार जीतते आ रहे है।





### घर में ठंडकता के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार

हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी राम कृष्ण मुखर्जी दंपति को गार्डन का शुरू से शौक है। यही वजह है कि उनके द्वारा छत में टेरेस गार्डन विकसित की गई है। गार्डन में हरा, पीला, नीला, आरेंज, बैगनी सहित डेढ़ सौ कलरों का गुड़हल, कृष्ण कमल फूल, रात रानी, नासमीन, मोंगरा एवं कई फूलों के पौधे हैं। राम कृष्ण मुखर्जी ने बताया कि कृष्ण कमल का फूल नीले कलर का होता है और बारहों माह खिलता है। इन फूलों से ही घर में पूजा की जाती है। देवताओं का श्रृंगार भी किया जाता है। औषधि पौधों में एलोवेरा व तुलसी है। इन पौधों की देखभाल भले ही बहुत करना पड़ता है पर इन पौधों के चलते गर्मी में भी घर का तापमान कम रहता है। इससे ठंडकता का एहसास होता है। यहां तक ऊपर छत से 3-4 डिग्री का अंतर रहता है। वहीं सकारात्मक उर्जा भी मिलती है।

### इंडोर प्लांट से से रहती है हरियाली

नेहरु नगर निवासी दीपिका भोसलें ने बताया कि गर्मी का महिना इंडोर प्लांट्स लगाने का रहता है। इस मौसम में फर्न, डेसिना, डेफेनबेकिया, एग्लोनिया, अरेलिया, मनी प्लांट, जेड प्लांट, एकोलेशिया, रंग-बिरंगे फोलियस लगाते हैं। इन पौधों को आसानी से कटींग कर लगा कर गर्मी में भी अपने बगिया की हरियाली को बरकरार रख सकते हैं।

फेकल्टी डेव्लपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन

## भारतीय ज्ञान परम्परा छात्राओं के चरित्र निर्माण में उपयोगी, कार्यशाला में हुई चर्चा



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में श्री अरविन्दों योगा एंड नॉलेज फाऊण्डेशन दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय फेकल्टी डेव्लपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान भारतीय ज्ञान परम्परा और विज्ञान विषय पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता प्रो रविन्द्र ब्रम्हे भारतीय ज्ञान परम्परा डायरेक्टर पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ रंजना श्रीवास्तव, विशेष अतिथि भूपेन्द्र कुलदीप रजिस्ट्रार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, डॉ. इन्द्राणी घोष ट्रस्टी श्री अरविन्दो योगा एंड नॉलेज फाऊण्डेशन दुर्ग उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा हमारी शिक्षा से जुड़ी हुई है। इनसे हमें अधिक से अधिक प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। जिससे कि भविष्य में बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके। हमारे पूर्वजों के जो अनुभव हैं, उस अनुभव का हमें लाभ उठाना चाहिए। भारतीय ज्ञान परम्परा विज्ञान से जुड़ी हुई तथ्यों पर आधारित है, जिसे उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विस्तार से बताया। डॉ. इन्द्राणी घोष ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा में हमारे देश के ऋषि मुनियों का विशेष योगदान है। भूपेन्द्र कुलदीप ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा भारत में ही नहीं अपितु विश्व में प्रसिद्ध है। प्रो रविन्द्र ब्रम्हे ने कहा कि तकनीकी उन्नति, नवाचार के द्वारा ही कोई भी देश आर्थिक रूप से सशक्त हो सकता है भारतीय ज्ञान और यहां की परम्परा इतनी समृद्ध है कि हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था के साथ जोड़कर भारत के प्रत्येक नागरिक को संस्कारवान बनाया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ अनिल जैन, डॉ अमिता सहगल, डॉ मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ केएल राठी, डॉ किरण बाला पटेल, डॉ सुषमा यादव, डॉ मुक्ता बाखला, डॉ यशेश्वरी ध्रुव, डॉ मोनिया राकेश, डॉ अनुजा चौहान, ज्योति भरणे, वंदना बंजारे, डॉ लता मेश्राम आदि मौजूद थे।

एक दिवसीय कार्यशाला

## कृषक संगोष्ठी में 122 से अधिक कृषकों ने लिया भाग, खरीफ पूर्व तैयारी पर हुआ मंथन




**भिलाई।** कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा अ दुर्ग व इंडियन पोटाश लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पोषक तत्वों के सफल फसल उत्पादन में महत्व, मृदा परीक्षण के परिणाम के अनुसार अनुशंसित मात्रा में उर्वरक की गणना, खरीफ पूर्व तैयारी आदि विषयों में चर्चा हुई। संगोष्ठी में विभिन्न ग्रामों के 122 से अधिक प्रगतिशील कृषकों ने इसमें भाग लिया। कृषि विज्ञान केन्द्र, पाहंदा (अ) दुर्ग के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. विजय जैन ने फसलों में उर्वरको का संतुलित उपयोग कर मृदा की उर्वरता को बनाये रखने के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. ईश्वरी कुमार साहू ने भूमि की तैयारी से लेकर उर्वरक प्रबंधन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ. ललिता रामटेके द्वारा फसलों के अधिक उत्पादन के लिये उर्वरक प्रबंधन, फसलों के प्रमुख पोषक तत्व, मृदा परीक्षण तथा मृदा नमूना लेने से संबंधित जानकारी व खेत से मृदा नमूना लेने का जीवंत प्रशिक्षण दिया। इंडियन पोटाश लिमिटेड कंपनी के जनरल मैनेजर डॉ. यू.एन. सिंह ने उर्वरको में पोटाश के महत्व तथा मिश्रित उर्वरको के उपयोग व उसकी उपलब्धता की जानकारी देते हुए पानी में घुलनशील उर्वरक के महत्व को बताया तथा अधिक से अधिक संतुलित मात्रा व मृदा परीक्षण के उपरांत प्राप्त अनुशंसित उर्वरको का प्रयोग करने की सलाह दी। दुर्ग जिले के ग्राम फुण्डा के प्रगतिशील कृषक डॉ. मनमोहन सिंह ने धान्य फसलों में एन.पी.के. की की दर से उपयोग करने व पोटाश को फसल के लिए अतिमहत्वपूर्ण पोषक तत्व व शीघ्रता से पौधों को उपलब्ध होने वाला बताया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सोनल शर्मा द्वारा अच्छी फसल उत्पादन के लिए प्रमाणित बीज का उपयोग व समय पर सही मात्रा में उर्वरको के प्रयोग की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में आई.पी.एल. के रिजनल मैनेजर सुनील कुमार सिंह, सीनियर एस.ओ. आई.पी.एल. ओ.पी. गिरी, सहायक संचालक कृषि विकास साहू आदि मौजूद थे।

छग दुर्ग में हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली के उर्स पाक का हुआ आगाज

# 73वें उर्स शाही संदल में कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका के सम्मान में लगाई तस्वीर, चादर पेश कर मांगी गई दुआएं

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली सरकार के दरगाह दुर्ग में 73वें उर्स पाक के अवसर पर शहर में भव्य शाही संदल निकला गया। इस दौरान सालाना उर्स पाक कमेटी सहित शहर के लोगों द्वारा दरगाह में चादर पेश कर दुआएं मांगी गई। शाही संदल में घोड़े के समूह ने पूरे रास्ते भर अपना करतब दिखाया, वहीं भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की फोटो आकर्षक का केंद्र रहा। कौमी एकता की मिशाल पेश करता छत्तीसगढ़ दुर्ग का ऐतिहासिक उर्स पाक जहां हजरत बाबा सैय्यद अब्दुल रहमान शाह काबुली के चाहने वालो का तांता लगा रहता है। इसी कड़ी में दुर्ग के पुराना बस स्टैंड स्थित काबुली सरकार की दरगाह में पांच दिवसीय उर्स पाक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।



### ये हुए शामिल

इस अवसर पर जहां उर्स पाक का आगाज परचम कुशाई की रश्म अदा होने के साथ किया गया। दूसरे दिन बड़े शान ओ शौकत के साथ शहर भ्रमण के लिए शाही संदल निकला गया। इस दौरान सालाना उर्स पाक कमेटी के सभी सदस्यों सहित शहर के अन्य गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शाही संदल में छाया रहा आपरेशन सिंदूर




शाही संदल में चार चांद लगाते घोड़े के समूह ने पूरे रास्ते भर अपना करतब दिखाया। दरगाह पहुंचते ही बाबा साहब के सामने अपनी हाजिरी दी। इस अवसर पर शाही संदल में सबसे चर्चा का विषय बनने वाली झांकी रही। जिसमें हालही में पाकिस्तान की कायरता पर अपना लोहा मनवाती आपरेशन सिंदूर की भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की फोटो आकर्षक का केंद्र बना रहा। शाही संदल के बाद दरगाह पहुंच सलाना उर्स पाक कमेटी ने चादर पेश कर देश दुनिया में अमन चैन और खुशहाली की कामना करते दुआएं मांगी गई। इस दौरान शाही संदल में पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अल्ताफ अहमद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड, प्रकाश देशलहरा सालाना उर्स पाक कमेटी के पदाधिकारियों ने शिरकत की। संदल कमेटी के प्रभारी हाजी इस्राइल बेग शाद व उनके साथियों द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों का अभिनंदन किया गया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद देते हुए कौमी एकता का परिचय दिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट और कायाकिंग केनोईंग के विजेता हुए सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन के द्वारा राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर जूनियर व सब जूनियर कायाकिंग केनोईंग प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया।

35वी राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट जूनियर व सब जूनियर चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन 24 से 28 अप्रेल तक भोपाल में किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ के खिलाडी सौरभ साहू, शिव कुमार, निकोलस , सौरभ साहू को के-4 के 200 मीटर इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त हुआ किया एवं 35वी राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप, टिहरी डैम उत्तराखंड 2024 में सी-1 केटेगरी में गणेश यदु को रजत पदक प्राप्त हुआ था। उनकी उपलब्धि पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बलदेव सिंह भाटिया, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन ने पैरा केनो एवं केनो सलालम की नई बोट खरीदने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के कायाकिंग केनोईंग के खिलाड़ियों को खेल उपकरण की कमी नहीं आने दी जाएगी। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए राज्य संघ हमेशा उनकी मदद करेगा,जिससे राज्य के खिलाडी राज्य और देश का नाम रोशन कर सके। इस आयोजन में प्रशांत सिंह रघुवंशी सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग केनोईंग एसोसिएशन, दिव्यम अग्रवाल, रविंद्र सिंह और डॉ नवीन बाफना, सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### संभागीय नेटबॉल टूर्नामेंट में 80 से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल



**रायपुर।** संभागीय नेटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन राजधानी रायपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय साहू (पार्षद) थे। वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से रेड्डी सर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

संभागीय टूर्नामेंट में रायपुर सहित विभिन्न जिलों से 80 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर खिलाड़ी अमन भोई, सुनील देशलहरे, आर्यन साहू, सजल भोई एवं राज साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किये। प्रदर्शन के आधार पर रायपुर संभाग की टीम का चयन किया गया, जो आगामी राज्य स्तरीय नेटबॉल टूर्नामेंट में जांजगीर-चांपा में भाग लेगी। कार्यक्रम के विशेष अवसर पर ग्रीष्मकालीन 21 दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का शुभारंभ भी किया गया, जिसमें जिले के युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन अनुप यदु जिला सचिव के निर्देशन में किया गया।

### छत्तीसगढ़ के 150 खिलाड़ियों के बीच शह और मात का खेल



बेमेतरा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सहयोग से 15 से 19 मई तक बेमेतरा में छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ कलेक्टर रणवीर शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सीईओ विनीत राजोरिया ने की और प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7,9, एवं अंडर 11 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप में उच्च स्तरीय सुविधाये खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है। 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग में आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के कुल 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है जिसमें रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बीजापुर, कोंडागांव, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, कोरिया, मुंगेली, जांजगीर चांपा, कांकेर, महासमुंद, बलौदा बाजार जिले के खिलाड़ी शामिल है।

खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फ़िडे आर्बिटर रॉकी देवांगन है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से मुख्य अतिथि जिलाधीश रणवीर शर्मा को स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

● संतुलित आहार के साथ विशेषज्ञ की सलाह पर लें सप्लीमेंट

# फिश ऑयल से विटामिन डी सप्लीमेंट तक सब आपकी सेहत के लिए, लेकिन अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है। जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट/स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है? शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो।




### विटामिन डी

ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है।

विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)।



विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी 3 की जरूरत होती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 IU तक पहुंच सकती है। हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। साथ ही यह दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ा सकती है। विटामिन डी की मात्रा बनाए रखने के लिए दैनिक आहार में सैल्मन मछली, टूना मछली, दूध, मशरूम और फोर्टिफाइड अनाज शामिल करें। 10-15 मिनट कम धूप में भी रह सकते हैं।

### फिश ऑयल सप्लीमेंट

ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था।

# दिल और दिमाग दोनों की सेहत को स्वस्थ रखना है तो करें ये तीन काम



क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।

### हार्ट और दिमाग का कनेक्शन



अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया। आइए जानते हैं कि इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

### आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

### नियमित व्यायाम बहुत जरूरी

नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम हो सकता है।



# फेंगशुई में बुरी नज़र से बचाती है ईविलआई



फेंगशुई ईविल आई नकारात्मक ऊर्जाओं के खिलाफ एक बहुत मजबूत, पारंपरिक फेंगशुई रक्षात्मक उपकरण है। गोल घेरे के आकार में आंसू-बूंद के साथ एक इंद्रधनुषी नीला कांच का क्रिस्टल एक आंख जैसा पैटर्न बनाता है जो एक पारंपरिक फेंगशुई ईविल आई प्रोटेक्शन है. गोल रूप और नीला रंग विश्वास को दर्शाता है, जबकि मध्य में प्रतिनिधित्व, चाहे रंगीन या कांस्य में ढाला गया हो, एक पवित्रता, और सतर्कता को दर्शाता है। इसका उपयोग व्यक्तिगत सुरक्षा, शिशुओं, पौधों और जानवरों, घर के बाहर या भीतर नकारात्मक ऊर्जा को दबाने के लिए किया जा सकता है। फेंग शुई ईविल आई न केवल नीले रंगों का एक आश्चर्यजनक संयोजन है जो ग्रीस में नीले और सफेद ऐतिहासिक संरचनाओं की प्राकृतिक सुंदरता में योगदान देता है, बल्कि यह ईविल आई प्रोटेक्शन के लिए एक फेंग शुई ताबीज भी माना गया है। ईविल आई का इस्तेमाल लोगों को बुरी नजर से बचाने के लिए किया जाता है। किंवदंती के अनुसार, यदि किसी को विरोधी या शत्रु द्वारा बुरी नजर दी जाती है, तो यह घातक हो सकता है या बड़ी परेशानी और दुख का कारण बन सकता है।

### घर के लिए ईविल आई प्रोटेक्शन

आप अपने घर की दीवारों को चमकीले पीले रंग से रंग कर खुद को और अपने घर को बुरी नजर से बचा सकते हैं, जो हानिकारक ऊर्जा को खत्म कर देता है। गहरे रंगों से बचना चाहिए।

### ईविल आई का उपयोग कैसे करें

आपके लिए एक बुरी नजर सुरक्षा घर होने के लिए, आपको नियमित रूप से आंतरिक स्थानों को साफ और अव्यवस्था मुक्त रखना चाहिए। जितना संभव हो उतना व्यवस्थित करें ताकि कमरे साफ-सुथरे और व्यवस्थित दिखें और आप महत्वपूर्ण वस्तुओं को जल्दी से ढूंढ सकें। इस तरह, आपके परिवार के सदस्य और यहां तक कि आपके पालतू जानवर भी स्वस्थ रहेंगे ।

# कांसे के बर्तनों का करना चाहिए इस्तेमाल, इसके फायदे ही फायदे

कांसे का इस्तेमाल भरतीय घरों में सदियों से होता आया है। ये अंग्रेजी में बेल मेटल कहा जाता है और पीतल का एक मॉडिफाइड पॉर्म होता है। इसमें थोड़ा सा तांबा और टिन भी मिला होता है। कांसा एक ऐसा मेटल है जो बहुत ही आसानी से मिल जाता है, लेकिन इसकी लोकप्रियता इस बात से नहीं है कि ये आसानी से मिल जाता है बल्कि इस बात से है कि कांसा हमारे शरीर के लिए कितना महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।



आयुर्वेदिक डॉक्टर दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कांसे से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी शेयर की है और ये भी बताया है कि आखिर क्यों कांसा बहुत ही उपयोगी साबित हो सकता है। कांसे के बर्तन में पानी पीने से लेकर कांसे की थाली में खाना खाने तक क्यों ये सही हो सकता है। तो चलिए जानते हैं कि क्यों कांसा बहुत ही अच्छा साबित होगा। तो चलिए जानते हैं कांसे के फायदे... कैसे कांसा हो सकता है बेस्ट।

### कांसे के इस्तेमाल से तेज़ होता है दिमाग-

आयुर्वेद में 'कांस्यम बुद्धीवर्धकम' कहा जाता है जिसका मतलब कै कि कांसे के इस्तेमाल से दिमाग तेज़ होता है। ऐसा माना जाता है कि कांसे का इस्तेमाल अगर खाने और पानी पीने के लिए रोज़ाना किया जाए तो ये हमारी इम्यूनिटी भी ठीक करता है क्योंकि कांसे से खाना प्यूरिफाई होता है।

### कांसे से गर्म रहता है खाना-

कांसे के बर्तन लंबे समय तक गर्म रह सकते हैं। मेटल की प्रॉपर्टीज की बात करें तो ये हीट का अच्छा कंडक्टर है और इससे बहुत लंबे समय तक हीट रिटेन की जा सकती है। इससे खाना गर्म होता है और लंबे समय तक ये बर्तन खाने को एक जैसे तापमान पर बनाए रख सकता है।

### कांसा के बर्तन खत्म करते हैं जर्म्स-

डॉक्टर दीक्षा के मुताबिक कांसा के बर्तनों में जर्मिसाइडल खूबियां होती हैं जो कांसे के प्रकार पर निर्भर करती हैं। ये खाने से संपर्क में आते ही कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक में ये खाने के बैक्टीरिया को मार सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक कांसे से पॉजिटिव चार्ज पानी में जाता है। अगर आपने 8 घंटे तक कांसे के बर्तन में पानी रखा है और उसे पी रहे हैं तो इससे हमारे शरीर के कई दोष खत्म होते हैं।

कार्नर न्यूज

## 'रोजाना दूध पिया करो', जैसी बातें अब सब पर लागू नहीं होती

# डेयरी प्रोडक्ट से एलर्जी को इन संकेतों से पहचानिए खानपान को संतुलित बनाएंगे तो रहेंगे सेहतमंद


कई लोग अपने डेली रूटीन में डेयरी प्रोडक्ट दूध,दही,पनीर,चीज आदि का यूज करते हैं, लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं, जो डेयरी प्रोडक्ट्स का यूज तो करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें उससे एलर्जी हो जाती है, जिस कारण वो उसका सेवन नहीं कर पाते।

एलर्जी होने पर कई लोगों को तो पता चल जाता है, जिस कारण वे उनका सेवन बंद कर देते हैं, लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं जो इनकी एलर्जी को नहीं समझ पाते और उसका सेवन करते रहते हैं।

फिर आखिर में उन्हें कोई गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। इसलिए जरूरत है कुछ ऐसे संकेतों के बारे में जानने की जिससे पता चल सके कि आपको डेयरी प्रोडक्ट्स से एलर्जी तो नहीं।

याद रखें, एलर्जी कोई इनटोलरेंस वाली चीज नहीं है। इससे आपका इम्युन सिस्टम भी कमजोर हो सकता है। एलर्जी में शरीर उन सब्सटेंस पर रिएक्शन देता है जो अधिकांश लोगों में समस्या का कारण नहीं बनते, लेकिन उन पर ध्यान देना जरूरी है।

यदि आप नहीं जान पा रहे हैं कि क्या आपको डेयरी प्रोडक्ट सूट करते हैं या नहीं, तो इन संकेतों को पढ़कर आप जान सकते हैं। यदि इनमें से कुछ भी संकेत आप फील करें तो जानने के बाद आप किसी डॉक्टर से जरूर सलाह लें। वह आपको समझने में मदद करेगा कि आपको क्या करना चाहिए।



### गले में सूजन

जब आपका इम्युन सिस्टम कमजोर हो जाता है तो उस समय हिस्टामाइन नामक एक केमिकल का प्रोडक्शन होने लगता है। फिर अन्य रसायन, जैसे कि IgE एंटीबॉडी, भी रिलीज होने लगते हैं और ये आपके पूरे शरीर में सूजन का कारण बनते हैं। अक्सर, आपका गला सबसे पहले इसे महसूस करता है। कई लोगों के लिए, एक गले में सूजन खाने से संबंधित एलर्जी से भी होती है। यदि डेयरी का सेवन करने के बाद ऐसा होता है, तो जितनी जल्दी हो सके एलर्जी की दवा लें।

### खराश और खांसी

गले में खराश और गला ड्राय होना, जिसके कारण खांसी हो सकती है। हो सकता है इस कारण आपको सांस लेने में भी मुश्किल हो।

यदि आप भी ऐसा ही कुछ डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद अक्सर फील करते हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

### लाल निशान/दाने

जब एलर्जी की प्रतिक्रिया की बात आती है, तो कुछ लोगों की स्किन में दाने पड़ने लगते हैं। इन गुलाबी निशान या दानों में जलन होती है और शरीर में फेस और गर्दन पर ये होने लगते हैं।

यह एक एलर्जीन की प्रतिक्रिया में सूजन पैदा करने वाले इम्युन सिस्टम का एक और रिजल्ट होते हैं। यदि डेयरी प्रोडक्ट खाने के बाद ऐसी शिकायत होती हैं, तो उस जगह को पहले तो साबुन और पानी से साफ करने का प्रयास करें या फिर एलर्जी की दवाई भी ले सकते हैं। यदि फिर भी ठीक नहीं होते तो आप इसके लिए तुरंत किसी डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलें।

### चेहरा लाल होना

सूजन आने के कारण आपका चेहरा भी लाल हो जाता है। कभी-कभी गर्दन और छाती की स्किन भी लाल हो जाती है। यह आमतौर पर शरीर के टेम्प्रेचर बढ़ने के कारण होती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# दुष्कर्म के आरोपी थियो नवारो को कान्स में रेड कारपेट पर एंट्री नहीं



कान्स फिल्म फेस्टिवल का शानदार आगाज 13 मई को हुआ। इसके बाद से ही दुनियाभर के फिल्मी सितारें रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरते नजर आए। इस बीच फ्रांसीसी अभिनेता थियो नवारो-मुसी को को रेड कार्पेट पर उतरने से मना कर दिया गया। हॉलीवुड रिपोर्टर की रिपोर्ट के अनुसार, फ्रांसीसी अभिनेता थियो नवारो मुसी को बलात्कार और यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के कारण कान फिल्म महोत्सव में रेड कार्पेट पर बैन कर दिया गया है। यह भी पहली बार है जब महोत्सव ने ऐसे आरोपों के कारण किसी अभिनेता पर प्रतिबंध लगाया है।

डोमिनिक मोल की फिल्म 'डोजियर 137' का 15 मई को प्रीमियर हुआ। इस फिल्म में नवारो मुसी ने अभिनय किया है। अभिनेता के ऊपर तीन पूर्व सहयोगियों ने बलात्कार, शारीरिक हिंसा और भावनात्मक शोषण का आरोप लगाया है। हालांकि, एक अदालत ने पिछले महीने प्रारंभिक शिकायत को खारिज कर दिया था। कथित पीड़ितों ने कहा है कि वह उनके खिलाफ एक मामला दर्ज करने की योजना बना रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कान के जनरल डेलिगेट थिएरी फ्रेमॉक्स ने फिल्म के निर्माताओं के साथ मिलकर अभिनेता को रेड कार्पेट समारोह में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का फैसला किया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब फ्रांसीसी फिल्म उद्योग यौन दुराचार को लेकर बढ़ती जांच का सामना कर रहा है।

### टॉलीवुड

# साउथ में भी दादा साहब फाल्के पर चर्चा, बायोपिक बनाएंगे राजामौली



फिल्मी गलियारों में चर्चा है कि साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर भारतीय सिनेमा के पितामह दादा साहब फाल्के की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को साउथ के मशहूर डायरेक्टर एसएस राजामौली निर्देशित करेंगे। रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। इसके जरिए भारत में दादा साहब के फिल्मी योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। आइए जानते हैं कि क्या है फिल्म का नाम। रिपोर्ट के अनुसार दिग्गज फिल्म निर्माता एसएस राजामौली द्वारा इस फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। दादा साहब फाल्के के जीवन पर आधारित इस फिल्म का नाम है 'मेड इन इंडिया', जिसमें अभिनेता जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में होंगे और दादा साहब की भूमिका निभाते दिखेंगे। इस फिल्म को दादा साहब फाल्के के जीवन से प्रेरित बायोपिक के रूप में घोषित किया गया था। साल 2023 में ही एसएस राजामौली ने फिल्म को लेकर घोषणा की थी। अब जाकर फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार हुई तो फिल्म निर्माताओं ने इसकी कहानी साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर को सुनाई। रिपोर्ट के अनुसार अभिनेता को स्क्रिप्ट काफी पसंद आई और उन्होंने फिल्म में अभिनय के लिए तुरंत सहमति दे दी। एनटीआर को दादा साहब की अनसुनी कहानियां बेहद रास आईं, जिसे सुन कर वो हैरान रह गए। यह फिल्म एक्शन से दूर रहेगी।

दादा साहब फाल्के पर बन रही फिल्म 'मेड इन इंडिया' को दिग्गज फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। वहीं इसे वरुण गुप्त (मैक्स स्टूडियो) और एसएस कार्तिकेय (शोइंग बिजनेस) द्वारा निर्मित किया जा रहा है।

### भोजपुरी

# आकांक्षा के बयान ने मचाई खलबली भोजपुरी फिल्म जगत पर कह दी यह बात



भोजपुरी सिनेमा में काम कर चुकीं आकांक्षा पुरी ने अब चौंकाने वाला बयान दिया है। आकांक्षा ने कहा है कि भोजपुरी वाले उन्हें अफोर्ड नहीं कर सकते और वहां की हीरोइनें उनसे जरूर जलती हैं। आकांक्षा ने यह भी कहा कि वह वहां ज्यादा काम नहीं करना चाहतीं।

आकांक्षा हाल ही एक पॉडकास्ट में पहुंची थीं, जिसके वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। आकांक्षा पिछले कुछ समय से भोज सिनेमा में काम कर रही हैं। उनके भोजपुरी गाने यूट्यूब खूब ट्रेंड कर चुके हैं।

आकांक्षा ने भोजपुरी में खेसारी लाल यादव के साथ कई भोज गाने किए हैं, जो हिट रहे हैं। उनकी जोड़ी भी काफी पसंद की जा रही है। लेकिन अब आकांक्षा का कहना है कि वह भोजपुरी में ज्यादा काम नहीं करना चाहतीं। साथ ही कहा कि भोज की हीरोइनें उनसे जलती हैं।

आकांक्षा से पहले खेसारी की जोड़ी काजल राघवानी, अक्षरा सिंह और आम्रपाली दुबे संग बनी। आकांक्षा ने पॉडकास्ट में कहा, 'भोजपुरी की फीमेल एक्टर्स मुझसे जरूर जल रही होंगी क्योंकि उनके गानों पर भी शायद इतने व्यूज नहीं आए, जितने मेरी बीटीएस स्टोरीज को आ जाते हैं।'

आकांक्षा ने आगे कहा, 'वहां बजट बहुत कम है।'जो पर डे (प्रति दिन) हम लेते हैं गाने का, उतने बजट में तो वहां पूरा गाना शूट हो जाता है। तो उन लोगों के लिए हम लोगों को अफोर्ड करना थोड़ा मुश्किल है। बहुत काम तो मैं वहां नहीं करना चाहती क्योंकि मेरा बहुत नुकसान हो जाएगा।'

आकांक्षा ने इसी पॉडकास्ट में खेसारी लाल यादव के बारे में बात की और उन्हें कंजूस बताया। आकांक्षा ने कहा कि उन्होंने खेसारी जितना कंजूस आज तक कोई दोस्त नहीं देखा। उन्होंने आकांक्षा को कभी कॉफी तक नहीं पिलाई।

## चटख रंगों का फैशन

लाइफ स्टाइल




चटख लाल रंग के लुक और रात के लिए तैयार, परिष्कृत बैंगनी और नीले रंग के लुक के बीच डिजाइनर वरुण बहल का दिल्ली कॉउचर वीक कलेक्शन चर्चा में रहा। भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित साड़ियों के साथ दूसरे पहनावे को बेहद स्टाइलिश ढंग से यहां मॉडल ने पेश किया। लाल और सुनहरे लहंगे की पारदर्शी चोली हो या उनके सीक्विन्ड बोट नेक ब्लाउज़ के पारदर्शी कंधे, डिजाइनर वरुण बहल के कॉउचर लुक की खूबसूरती को कामुकता और परिष्कार का मिश्रण माना गया।

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं।

वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।



### घनी आईब्रो के लिए एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।

### प्याज का ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए पहले आपको प्याज को छिलना है फिर इसे घिसकर रस निकालना है। फिर इसे अपनी आईब्रो पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपकी आइब्रो घनी हो जाएगी।हफ्तों में दिखने लगेगा असर आप इन घरेलू तरीकों का इस्तेमाल करके आइब्रो को घनी और काली बना सकती हैं।

# जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लगेंगी ब्यूटीफुल

फैशन





पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।

### सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन

कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

### वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन

अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं।

# एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। क्या आप जानती हैं कि लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है। इस विषय पर हमने शहनाज हुसैन से बात की है, उन्होंने हमें चेहरे पर लौंग का पानी लगाने के फायदे बताए हैं।



### क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है?


आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

### क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं?

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। लौंग बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है, जिससे पिंपल्स नहीं होते हैं। चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं।

# इन घरेलू उपाय से चमक उठेंगे आपके बाल

खूबसूरत बाल पाने के लिए आजकल मार्केट में कई प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे, लेकिन वे आपके लिए कितने असरदार है और कितने नुकसानदायक? इसका मालूम कर पाना जरा मुश्किल है। वहीं बदलते मौसम और सही पोषण न मिल पाने के कारण हमारे बालों की चमक धीरे-धीरे फीकी पड़ने लगती है।बता दें कि इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं क्या हैं वो घरेलू चीजें और कैसे करें इनका इस्तेमाल ताकि हमारे बालों की भी खोई हुई चमक वापिस आ पाए। बालों को चमकदार बनाने के लिए मेथी दाना और दही का इस्तेमाल करना चाहिए।



### दही लगाने के फायदे

दही रुसी की समस्या को कम करने में मदद करती है। ड्राईनेस को कम करने और बालों को पोषण देने में सहायता करती है। बालों के लिए नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है।

### मेथी दाना लगाने के फायदे

मेथी दाना बालों की ग्रोथ में मदद करता है। साथ ही पतले बालों को वॉल्यूम देने का भी काम करता है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में भी मेथी दाना बेहद फायदेमंद होता है।

### बालों को चमकदार बनाने के लिए क्या करें?

बालों को घना बनाने के लिए सबसे पहले मेथी दाने को बारीक पीस लें और छान लें। मेथी दाने को छान लेने के बाद इसे करीब 1 से 2 घंटे तक भिगोकर रख दें। इसे सूखाने के बाद आप इसमें 3 से 4 चम्मच दही को मिलायें। इन दोनों चीजों को मिक्स करके बालों की स्कैल्प से लेकर लेंथ तक में लगायें। बालों में करीब 1 घंटे तक इसे लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से बालों को धो लें।

## कार्नर न्यूज

### साड़ी लुक्स को ट्राई करने के साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कीजिए

# भीड़ में भी नजर आना है अलग तो साड़ी लुक्स को करें ट्राई, जी भर के लोग करेंगे तारीफ

फेस्टिवल सीजन में हर किसी की अपनी तैयारी होती है। किसी को अपने लिए कपड़े खरीदने होते हैं तो कोई अपने लिए ज्वेलरी की शॉपिंग कर रहा होता है। लेकिन सबसे ज्यादा कंफ्यूजन है साड़ी को लेकर। क्योंकि उनके अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाते हैं। जिन्हें आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदते हैं। ऐसे में आप मार्केट में नए आए साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। साथ ही उन्हें रीक्रिएट भी कर सकती हैं।

### हैवी वर्क साड़ी

अगर शादी के बाद ये आपके ससुराल में पहले त्योहार हैं तो ऐसे में आप हैवी वर्क वाली साड़ी डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी में आपको सीक्वेंस वर्क, थ्रेड वर्क और स्टोन वर्क साड़ी खरीद सकती हैं। आप इन्हें डे में पहनेंगी या नाइट में उसके हिसाब से कलर को चूज कर सकती हैं। इस तरीके की साड़ी आपको मार्केट में 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी। इस साड़ी के साथ आप लाइट इयररिंग्स और बोल्ड मेकअप लुक क्रिएट कर सकती हैं।



### सिंपल साड़ी लुक

अगर आप सिंपल दिखना चाहती हैं तो इसके लिए आप शिल्पा शिंदे के इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। इसमें उन्होंने सिंपल साड़ी स्टाइल (सिंपल साड़ी स्टाइल करें) की है। जिसमें लाइट वर्क हो रखा है। आप भी इस तरीके की साड़ी को फेस्टिवल में स्टाइल कर सकती हैं। बस आपको इसके कलर को अपने हिसाब से चूज करना होगा। इस तरीके की साड़ी के साथ आप हैवी वर्क साड़ी को वियर कर सकती हैं। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि लाइट वेट होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होती है। इन साड़ी के साथ आप हैवी इयररिंग्स और कर्ल हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं।

### सिल्क साड़ी करें स्टाइल

कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं जिन्हें सिल्क साड़ी पहनने का काफी शौक होता है। इसके लिए आप हैवी और सिंपल वर्क दोनों तरह की साड़ी (रेडिमेड साड़ी को स्टाइल करने का तरीका) को चूज कर सकती हैं। आप चाहे तो कॉम्बिनेशन करके ब्लाउज भी स्टाइल कर सकती हैं। खास बात ये है कि ये साड़ी सीधे और उल्टे दोनों पल्लू से पहनी जा सकती है। आप इसमें कलर अपनी पसंद के हिसाब से चूज कर सकती हैं। सिल्क की सिंपल साड़ी में भी दिखेंगी लाजवाब, फॉलो करें ये स्टाइल टिप्स इस तरीके की साड़ी के साथ आप ट्रेडिशनल ज्वेलरी को भी वियर कर सकती हैं। साड़ी के ऐसे और भी डिजाइन हैं जिन्हें ट्राई करके आप खूबसूरत लग सकती हैं। खास बात ये है कि इसमें आपको डिजाइन और कलर मार्केट से मिल जाते हैं। इसलिए इन्हें स्टाइल करने में भी आसानी होती है।